राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



गाजियाबाद, मंगलवार 23 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 106, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12


11 फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्मेंस के...

जोरदार तेजी के साथ खुला बाजार... 12

## न्यूज डायरी

### पंकज त्रिपाठी के भाई विजेंद्रनाथ पर जमीनी विवाद को लेकर हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**पटना (आरएनएस)।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी के भाई विजेंद्रनाथ तिवारी पर लाठी और डंडों से जानलेवा हमला किया गया है। गंभीर हालत में उन्हें गोपालगंज मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें पटना के एक अस्तपाल में रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह जानलेवा हमला जमीनी विवाद के चलते किया गया है। फिलहाल बिहार पुलिस ने मामले में त्वरित



कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना अभिनेता के पैतृक गांव बेलसंद में घटित हुई है, जो गोपालगंज जिले के बरौली कस्बे में स्थित है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान कर ली गई है। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। परिवार की ओर से अभी तक मामले में लिखित में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। औपचारिक शिकायत मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। उधर पंकज ने इस मामले पर कोई बयान साझा नहीं किया है। वहीं परिवार ने भी अब तक मामले पर मीडिया से बातचीत करने से इनकार कर दिया है। काम के मोर्चे पर, अभिनेता को आखिरी बार फिल्म मेट्रो... इन दिनों (2025) में देखा गया था। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'मिजापुरः द मूवी' को लेकर चर्चा में हैं, जो 4 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें अली फजल, दिव्येंदु और श्वेता त्रिपाठी जैसे सितारे भी हैं।

### मुंबई में 2 दिन की लगातार बारिश से गर्मी से राहत मिली, लेकिन सड़कों पर आफत

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मानसून पहुंच गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। रविवार के बाद सोमवार को भी मुंबई के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई, जो कुछ घंटे तक जारी रही। हालांकि, दूसरे दिन की लगातार बारिश ने लोगों के लिए समस्या पैदा की। कई इलाकों में यातायात रूक गया और कुछ जगह जलभराव पैदा होने से सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार तक भारी बारिश की संभावना जताई है। बारिश के कारण वेस्टर्न



एक्सप्रेस हाईवे पर भारी जाम लग गया। यहां सब्जियों से लदा एक ट्रक हाईवे पर पलट गया, जिससे यातायात की समस्या और बढ़ गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, अंधेरी मेट्रो में यातायात लगभग 10-15 मिनट के लिए रुक गया। बांद्रा ईस्ट के कुछ हिस्सों में भी जलभराव है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के मुताबिक, मुंबई में सुबह 6 से 7 बजे के बीच 17 मिमी बारिश हुई है। कुछ इलाकों में 61 मिमी बारिश हुई है।

आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 10 जून के आसपास मुंबई पहुंचता है। इस बार देरी हुई और यह 21 जून को पहुंचा है। हालांकि, पहले दिन की बारिश ने लोगों को चौंका दिया। आईएमडी के मुताबिक, आने वाले सप्ताह में भारी और अधिक व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इसमें 25 और 26 जून के आसपास इसमें काफी तीव्रता आने की संभावना है। बताया जा रहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 23 जून के आसपास महाराष्ट्र के और हिस्सों में प्रवेश करेगा।

### केरल के एनार्कुलम में यार्ड में मेंटेनेंस के लिए खड़े एक जहाज में लगी भीषण आग

**एनार्कुलम (आरएनएस)।** वाइपिन के एक यार्ड में मेंटेनेंस के लिए खड़े एक जहाज में भीषण आग लग गई. आग जहाज के ऊपरी डेक पर सुबह करीब 3 बजे लगी. पुलिस के साथ मिलकर फायर और रेस्क्यू सर्विस अभी आग बुझाने की पूरी कोशिश कर रही है। यह घटना वाइपिन में सरकारी स्कूल के पीछे बने एक यार्ड में हुई. मीडियम साइज के इस जहाज में आग तब लगी जब वह अपनी सर्विस पूरी करके लौटने की तैयारी कर रहा था. शुरूआती जांच से पता चलता है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ।

# मुख्यमंत्री योगी ने घटनास्थल व केजीएमयू पहुंचकर लिया जायजा, पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

**लखनऊ, (आरएनएस )।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र स्थित पुरनिया के कोचिंग सेंटर एवं गेमिंग जोन में हुए भीषण अग्निकांड के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना अलीगढ़ दौरा रद्द कर तत्काल लखनऊ पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**लखनऊ के कोचिंग सेंटर में भीषण आग, 18 छात्रों की मौत की सूचना, डिप्टी सीएम पहुंचे, सीएम योगी ने लिया हालात का जायजा**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से हादसे की विस्तृत जानकारी ली और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचे, जहां उन्होंने हादसे में घायल लोगों का हालचाल जाना और उनका उपचार कर रहे चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।










शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि किसी की जिंदगी वापस नहीं लाई जा सकती, लेकिन दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हादसे की गहन जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, विधायक नीरज बोरा, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा) अमित कुमार घोष, डीजी फायर सर्विस सुजीत पांडेय, लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत तथा जिलाधिकारी विशाख जी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सामाजिक



माध्यम एक्स पर जारी संदेश में कहा कि लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है और प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।हादसे के बाद प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और सुरक्षा मानकों में हुई किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## नीट पुनर्परीक्षा के दौरान बिहार में सॉल्वर गिरोह का खुलासा

**पटना (आरएनएस)।** राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी) 2026 की रविवार को हुई पुनर्परीक्षा में बिहार में सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। यहां के लखीसराय में अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने की साजिश रच रहे 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 5 मेडिकल छात्र शामिल हैं। पड़ताल के दौरान परीक्षा प्रक्रिया संभाल रही बायोमेट्रिक कंपनी पर भी शक की सुई

**5 मेडिकल छात्र समेत 24 गिरफ्तार**

घूमी है, जिसके 14 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। परीक्षा से पहले पुलिस को खबर मिली की हसनपुर हाई स्कूल परीक्षा केंद्र में बायोमेट्रिक मशीन बंद कर कुछ अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। पुलिस जब जांच करने पहुंची तो पता चला कि पटना मेडिकल कॉलेज के तृतीय वर्ष का एमबीबीएस छात्र मयंक कश्यप बायोमेट्रिक कंपनी का स्टाफ बनकर अंदर घुसा था। उसने अन्य लोगों की जानकारी दी, जिसके बाद केआरके हायर सेकेंडरी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय लखीसराय में छापेमारी कर अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक,



पकड़े गए 5 मेडिकल छात्रों में बीएचयू नर्सिंग की छात्रा पूनम कुमारी, सौरभ झा, अमन अग्रवाल, संजीत और उसका भाई शामिल है। पूनम दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रही थी। वह रंगे हाथ पकड़ी गईं। सौरभ एम्स रायबरेली में, अमन दिल्ली के शाहदरा स्थित मेडिकल कॉलेज में इंटर्न है। संजीत औ? उसका भाई नर्सिंग का छात्र है। इनको परीक्षा में बैठाने के लिए 30 से 40 लाख रुपये में सौदा किया गया था।

बताया जा रहा है कि सॉल्वर गैंग का सरगना गया के अन्नपूर्णा नारायण मगध मेडिकल कॉलेजके छात्र अर्पित राज को माना जा रहा है। उससे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) 2024 में हुए पेपर लीक के मामले में भी पूछताछ कर चुकी है। पुलिस पूरे राज्य में पड़ताल कर रही है। 3 मई को पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी गई थी। रविवार को दोबारा परीक्षा हुई थी। इसमें 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

## ट्रंप की चेतावनी के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 2.2 प्रतिशत की उछाल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 22 जून फिर तेजी देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने के बाद निवेशकों की चिंता बढ़ गई, जिसने ऊर्जा बाजार में फिर अनिश्चितता पैदा कर दी है। बाजार खुलते ही ब्रेंट क्रूड 2.2 प्रतिशत बढ़कर 82.30 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट भी 78 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर कारोबार करने लगा।ईरान और अमेरिका के बीच चल रही शांति वार्ता को लेकर भी अनिश्चितता बढ़ गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि ट्रंप की चेतावनी के बाद तेहरान ने स्विट्जरलैंड में बातचीत रोक दी है। हालांकि, बातचीत से जुड़े कुछ सूत्रों ने कहा कि वार्ता जारी रही। इसके साथ ही, ईरान ने लेबनान में इजराइल पर संघर्षविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इन घटनाओं ने तेल आपूर्ति को लेकर निवेशकों की चिंता और बढ़ा दी है।




तेल बाजार की नजर होर्मुज जलडमरूमध्य पर भी बनी हुई है, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में शामिल है। ईरान ने एक बार फिर इस समुद्री मार्ग को बंद करने की बात कही है। हालांकि, सप्ताहांत में यहां से तेल की आवाजाही सामान्य बनी रही। अमेरिका की ओर से भी चेतावनी दी गई है कि इस मार्ग को बाधित करने की किसी भी कोशिश के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इससे बाजार में सतर्कता और बढ़ गई है। हाल के हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों में कुछ गिरावट आई थी, लेकिन मौजूदा तनाव के बाद कीमतों में फिर बढ़ोतरी देखी जा रही है। जानकारों का मानना है कि अब निवेशकों की नजर ईरान-अमेरिका वार्ता से जुड़ी हर नई जानकारी पर रहेगी।



नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

## अंबानी के सैटेलाइट इंटरनेट प्लान पर ब्रेक? दूरसंचार विभाग के नए ड्राफ्ट नियमों ने बढ़ा दी जियो सैटकॉम की मुश्किलें

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार नियम, 2026 का ड्राफ्ट जारी किया है. इसके तहत देश में सैटेलाइट कम्युनिकेशंस सेवाएं शुरू करना अब आसान नहीं होगा. नए नियमों के

**नए नियमों के तहत कोई भी सैटेलाइट कंपनी सरकार की लिखित अनुमति के बिना अपने सैटेलाइट नेटवर्क को देश के मौजूदा सार्वजनिक टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क से नहीं जोड़ सकती**

मुताबिक, एलन मस्क की स्टारलिंक, जियो सैटकॉम और यूटेलसैट वनवेब जैसी वैश्विक और घरेलू कंपनियों को व्यावसायिक परिचालन शुरू करने के लिए केवल दूरसंचार विभाग का लाइसेंस मिलना ही काफी नहीं होगा, बल्कि उन्हें कई स्तरों पर कड़ी सुरक्षा मंजूरियों से गुजरना होगा।

इस ड्राफ्ट नीति की सबसे बड़ी बात यह है कि कंपनियों को प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत रेडियो तरंगें



(स्पेक्ट्रम) मिलने के बाद भी अंतिम उपभोक्ता तक सेवा पहुंचाने के लिए सरकार से अलग से सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी. नियमों के अनुसार, यदि केंद्र सरकार ने आवश्यक उपकरण लगाने की मंजूरी से पहले किसी कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट जारी भी कर दिया है, तो भी स्पेक्ट्रम आवंटन तभी वैध माना जाएगा जब सभी आवश्यक सुरक्षा जांचें पूरी हो जाएंगी. इसके बाद ही कंपनियां आम जनता के लिए सैटेलाइट फोन और ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू कर पाएंगी। वित्तीय ढांचे की बात करें तो सैटेलाइट कंपनियों को स्पेक्ट्रम के लिए नीलामी की प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा. सरकार इन्हें प्रशासनिक प्रक्रिया के जरिए रेडियो तरंगें आवंटित करेगी. इसके लिए कंपनियों को 30,000 रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का वार्षिक शुल्क देना होगा। यह शुल्क सेवा के प्रकार और प्रति-टर्मिनल के आधार पर तय किया जाएगा. इसके अलावा 1,000 रुपये का नॉन-रिफंडेबल आवेदन शुल्क भी लागू होगा. हालांकि, स्पेक्ट्रम की वास्तविक दरें बाजार मूल्य के आधार पर ही तय की जाएंगी। ड्राफ्ट नियमों में नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर भी बेहद सख्त रुख अपनाया गया है। नए नियमों के तहत कोई भी सैटेलाइट कंपनी सरकार की लिखित अनुमति के बिना अपने सैटेलाइट नेटवर्क को देश के मौजूदा सार्वजनिक टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क से नहीं जोड़ सकती।

**आंदोलन जारी** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा

## कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारी लगातार तीसरे दिन जंतर-मंतर पर डटे, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक की घटनाओं पर कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है. आंदोलन में शामिल छात्र, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. धरना स्थल पर सुबह से ही लोगों की आवाजाही बनी है। मंच से लगातार शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को उठाया जा रहा है. आयोजकों का कहना है कि यह आंदोलन केवल किसी एक परीक्षा या एक छात्र समूह का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है।

धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों के लिए चाय, समोसे और पानी की व्यवस्था की गई है । कई स्वयंसेवक लगातार लोगों को भोजन और पेय पदार्थ उपलब्ध करा रहे हैं. आंदोलन के दौरान मंच से कुछ स्वयंसेवकों का उल्लेख किया गया, जो अपनी




नौकरी और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ-साथ आंदोलन में भी योगदान दे रहे हैं. सुबह से देर रात तक लोगों को चाय, पानी और भोजन उपलब्ध कराने में लगे हुए हैं। अभिजीत दीपके ने ऐसे कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि आंदोलन केवल भाषणों से नहीं, बल्कि ऐसे लोगों के समर्पण से मजबूत होता है जो पर्दे के पीछे रहकर काम करते हैं।

धरना स्थल से संबोधित करते हुए अभिजीत दीपके ने कार्यकताओं और समर्थकों से एकजुट रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि एक बड़े उद्देश्य का है. उन्होंने कहा कि अगर किसी से कोई गलती होती है तो उसे खुलकर बताया जाना चाहिए. अभिजीत ने कहा कि जब आंदोलनकारी सरकार की नीतियों और व्यवस्थाओं की आलोचना करते हैं, तो उन्हें अपनी कमियों को स्वीकार करने का साहस भी रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद आंदोलन से बड़े नहीं होने चाहिए और सभी को मिलकर छात्रों के हित में काम करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि धरना स्थल के आसपास बिजली और पानी की व्यवस्था में बाधाएं पैदा की जा रही हैं. आयोजकों का कहना है कि इससे आंदोलन में शामिल लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. धरना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनका मनोबल मजबूत है और वे अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं. प्रदर्शनकारी लगातार नारेबाजी कर रहे हैं और सरकार से छात्रों के मुद्दों पर जवाब मांग रहे हैं। आंदोलन को और व्यापक समर्थन दिलाने के लिए सोमवार शाम 6 बजे जंतर-मंतर पर कैंडल लाइट मार्च का आयोजन किया जाएगा. आयोजकों द्वारा जारी पोस्टर में पेपर लीक के खिलाफ भारत का संदेश दिया गया है. पोस्टर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग और एनटीए को समाप्त करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है. आयोजकों का दावा है कि कैंडल लाइट मार्च में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे. उनका कहना है कि यह मार्च उन छात्रों के समर्थन में निकाला जा रहा है, जो परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बार-बार सामने आने वाली पेपर लीक की घटनाओं ने छात्रों का विश्वास कमजोर किया है. उनका आरोप है कि लाखों छात्र वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, परीक्षा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई समय की मांग है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# नपा सभागार में चेयरपर्सन राजबाला सैनी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । नगर पालिका सभागार में सोमवार को पालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आहूत की गई ' जिसमें पालिका निर्धारण सूची में संसोधन और परिवर्तन 2024, पालिका की सिमान्तर्गत फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन के लिए

## पालिका की बोर्ड बैठक में 24 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी



राज्य मॉडल उपविधि 2026 बनाया जाना, पालिका की सीमान्तर्गत मीट/मांस बेचने वाले कारोबारियों /दुकानों के लाइसेंस/एनओसी नियंत्रण विधि 2025 का राजकीय प्रेस में गजट कराना, डॉ.बी.आर.अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विकास कार्य कराया जाना, अमृत 2.0 के अन्तर्गत वाटर बॉडी रिजूवनेशन हेतु नगरीय निकाय सीमान्तर्गत भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत वाटर बॉडीज के अवशेष कार्य कराया जाना, वित्तीय वर्ष 2026-27 में एक्यूआई से अनाच्छादित नगरीय निकायों वायु गुणवत्ता सुधार हेतू एण्ड टू एण्ड पावमेंट, रोडसाइड ग्रीनरी, ग्रीनरी रोड जैसे कार्य कराया जाना, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पालिका द्वारा नगरीय सेवाएं और अवस्थाना विकास परियोजनाएं ( मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना ) के अंतर्गत विकास कराये जाने हेतु जिलाधिकारी के निरीक्षण उपरांत दिए गए दिशा निर्देशों पर विचार, कान्हा आश्रय गौशाला का अवशेष निर्माण कराया जाना, नगर विकास, लखनऊ दिनांक 10 जून 2025 के क्रम में राज्य सेक्टर के अंतर्गत जल निकासी योजनान्तर्गत नाला निर्माण कराया जाना, नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक 9 मार्च 2026 के अनुपालन में कार्यालय जिलाधिकारी बुलंदशहर के पत्र संख्या 759/ एलबीसी दिनांक 12 मार्च 2026 के क्रम में त्वरित आर्थिक योजना अंतर्गत क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण, निर्माण तथा प्रकाश व्यवस्था सुद्दढ़ बनाने हेतु एलइडी स्ट्रीट लाइटों की स्थापना आदि निर्माण कार्य कराया जाना, वित्तीय वर्ष 2026 -27 हेतु सांस्कृतिक,पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर स्थापना तथा अन्य सुविधाओं का विकास आदि कार्य वंदन योजना के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा जाना, नगर विकास अनुभाग 5 लखनऊ दिनांक 5 जुलाई 2024 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु उपवन योजना के अन्तर्गत शहरी मियावाकी वन पार्क का निर्माण कराया जाना, वित्तीय वर्ष 2026 -27 में मोहल्ला गंजसादात शिकारपुर बारह खम्भा के सामने स्थित तालाब का सौंदर्यकरण कराया जाना, वित्तीय वर्ष 2026 -27 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या 37 के अंतर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु ब्याज रहित ऋण धनराशि स्वीकृति कराया जाना, वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न अंत्येष्टि स्थलों का विकास कार्य कराया जाना, मोहल्ला चौक में प्रेमपाल मिस्त्री से शिव मंदिर तक नाला निर्माण का ढलान विपरीत दिशा में बनाने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करना, नगर और आस-पास कच्चे मार्गों को चिन्हित कर निर्माण कार्य कराया जाना, पालिका के अंतर्गत प्रचार-प्रसार आदि कार्यों हेतु लगाए जाने वाले यूनिपोल होर्डिंग एवं बोर्ड की उपविधि के अनुसार वसूली हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना, पालिका कार्यालय उपयोग हेतु फाइल कवर एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री क्रय किया जाना, मौहल्ला नौगंज में जाहिद की दुकान से मुजम्मिल की दुकान पर होते हुए अतीक की दुकान तक तथा आस - पास की गलियों में सी. सी. मार्ग द्वारा पारित किया गया।

## आहार गंगा घाट पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, गौरव बंसल ने किया योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आहार स्थित गंगा घाट पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान समाजसेवी गौरव बंसल ने भी विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कर योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। गौरव बंसल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।योग दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

# किसान आयोग का गठन बेहद जरूरी पवन तेवतिया प्रदेश अध्यक्ष भाकियू संपूर्ण भारत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद**। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश यादव के निर्देश पर रजापुर ब्लाक व नगर क्षेत्र के प्रधानाध्यापक गण की अलग-अलग बैठकों का आयोजन ब्लाक व नगर के मुख्यालयों पर हुआ।

रजापुर ब्लाक में आयोजित प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने कहा कि बेसिक का एक शिक्षक बच्चों का भविष्य सुधारने व बिगाड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।यदि शिक्षक अपने दायित्व का सही तरह निर्वहन व छात्रों के साथ अच्छा व्यवहार करता है,तो उसके सकारात्मक परिणाम आने निश्चित है।ओर यदि शिक्षक बच्चों का सही मार्गदर्शन नहीं करता तो एक छात्र का नहीं,उस व्यक्ति का सम्पूर्ण जीवन ही बर्बाद हो जाता है। ऐसे में शिक्षक की जिम्मेदारी ओर बढ़ जाती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश यादव आज अधिकारी कम, परिवार के मुखिया की भूमिका में ज्यादा नजर आएं।

उन्होंने प्रधानाध्यापकों निर्देश कम, उदाहरण के साथ मानवीय मूल्यों के सीख ज्यादा दी। मिड-डे मील पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एक अशिक्षित व गरीब अभिभावक आपके विश्वास पर अपने बच्चों को विद्यालय भेजता है। **ओर अज्ञानता** के कारण आपसे सवाल जवाब करने का साहस भी नहीं जुटा पाता?

उसके बाद भी यदि मिड-डे मील में बच्चे के साथ अन्याय होता है।

तोभले ही देर सवेर हो जाए,ईश्वर को हिसाब ब्याज सहित आंखों के सामने देना पड़ता है।

इस अवसर पर ओ.पी.यादव ने विभाग के ए.आर.पी गण की रिपोर्ट पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक गण का नाम लेकर भूरि भूरि प्रसंशा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिनमें हौसला होता है, मंजिलें उनकी ही आसान होती है। ज़िन्दगी का लक्ष्य कुछ अच्छा कर गुजरना, व नाम करना दोनों ही होना चाहिए।

# मोहर्रम की छठी पर निकला ऐतिहासिक अलम का जुलूस, 'या हुसैन' की सदाओं से गूंजा शहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद**। कर्बला के शहीदों की याद में मनाए जा रहे मोहर्रम के सिलसिले में सोमवार को सिकंदराबाद में मोहर्रम की छठी का पारंपरिक अलम और मातम का जुलूस बेहद अकीदत (श्रद्धा) और गमगीन माहौल में निकाला गया।

नगर के ऐतिहासिक मोहल्ला काजीवाड़ा स्थित मौलाना अली अब्बास के इमामबाड़े से शुरू हुए इस जुलूस में हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया।

मजलिस में बयां किया कर्बला का मंजर

जुलूस की शुरूआत से पहले इमामबाड़े में एक विशेष मजलिस (धार्मिक सभा) का आयोजन किया गया। मजलिस को संबोधित करते हुए प्रख्यात धर्मगुरु मौलाना इरफान हैदर ने कर्बला के ऐतिहासिक संदर्भ पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने अपने संबोधन में कहाः

"इमाम हुसैन ने जुलुमत (अन्याय) और तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। कर्बला का मैदान केवल एक जंग का मैदान नहीं था, बल्कि वह हक और बातिल (सत्य और असत्य) के बीच का ऐसा संघर्ष था, जिसने दुनिया को इंसानियत और सब्र का पाठ सिखाया।"



मौलाना के दर्दभरे बयानों को सुनकर इमामबाड़े में मौजूद हर आंख नम हो गई।

पारंपरिक रास्तों से होकर गुजरा जुलूस

मजलिस की समाप्ति के बाद इमामबाड़े से अलम (पवित्र ध्वज) का जुलूस बरामद हुआ।

जुलूस में शामिल अकीदतमंद हाथों में काले और लाल रंग के अलम थामे हुए थे। "या हुसैन-या हुसैन" और "लब्बैक या हुसैन" की सदाओं (नारों) के बीच जुलूस आगे बढ़ा।

**जुलूस का मुख्य मार्गः**

मोहल्ला काजीवाड़ा (शुरूआत)

पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार

हनुमान चौक,जामा मस्जिद,जीटी रोड

स्थानीय कर्बला में (समापन) छोलस की अंजुमन ने किया सीना-जनी और मातम। इस बार जुलूस में विशेष रूप से छोलस से आई 'अंजुमन मिनजुमला' के मातमियों ने शिरकत की। अंजुमन के नौहाख्वानों (शोक गीत पढ़ने वाले) ने जब कर्बला के शहीदों की शहादत का मंजर बयां किया, तो मातमियों ने जंजीरों और हाथों से सीना-जनी (मातम) कर गहरे गम का इजहार किया। जुलूस के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

"चौदह सौ साल पहले कर्बला की तपती रेत पर हजरत इमाम हुसैन ने भूखे-प्यासे रहकर मानवता, शांति और सत्य को बचाने के लिए अपनी और अपने परिवार की कुबार्नी दे दी थी। उनका यह बलिदान पूरी इंसानियत के लिए एक मिसाल है और जब तक दुनिया कायम है, उन्हें याद किया जाता रहेगा।"

# शिकारपुर में तालाब व कब्रिस्तान की भूमि पर हो रहा अवैध खनन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । शिकारपुर में लंबे समय से पोखर विवाद पर अब कांग्रेस ने आवाज उठाई है । डीएम से कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट

## कांग्रेस ने विशेष टीम से जांच की मांग उठाई

जियाउर्रहमान ने मिलकर पोखर के अस्तित्व को खत्म करने और अवैध रूप से खनन कर करोड़ो रुपए की मिट्टी नगर पालिका प्रशासन द्वारा बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी ने टीम गठित कर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि शिकारपुर नगर में खाता संख्या 3057 के अंतर्गत दर्ज तालाब एवं कब्रिस्तान की भूमि पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नियमों और मानकों की अनदेखी करते हुए कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया गया है, जिससे तालाब के मूल स्वरूप और अस्तित्व को नुकसान पहुंच रहा है।



उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण की दृष्टि से तालाबों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन नगर पालिका चेयरमैन द्वारा एनजीटी तथा उच्च न्यायालयों के निर्देशों की अनदेखी करते हुए कार्य किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा भी लगातार आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं, किंतु अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मांग की कि पूरे मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की जाए तथा तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर निकाली गई मिट्टी और उससे संबंधित वित्तीय पहलुओं की भी जांच कराई जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी मांग की गई है कि नगर पालिका परिसर स्थित गांधी स्मारक की भूमि पर दुकानों के निर्माण और कथित वित्तीय अनियमितताओं की भी जांच कराई जाए। कांग्रेस ने तालाब और पोखर के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने तथा उसके अस्तित्व को समाप्त करने वाले कार्यों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। जियाउर्रहमान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा के मुद्दे पर निरंतर आवाज उठाती रहेगी तथा प्रशासन से निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई की अपेक्षा करती है। इस दौरान एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ, जुबेर राणा, नईम मंसूरी, सुरेंद्र उपाध्याय, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# सरकारी चकरोड विवाद में युवक की बेरहमी से पिटाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर**। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव भाईपुरा में सरकारी चकरोड को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि सरकारी चकरोड पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर गांव के ही दर्जनों लोगों ने दो भाइयों के साथ मारपीट कर दी, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित युवक को आंख के नीचे तथा टांग में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों के अनुसार युवक की टांग में फ्रैक्चर होने की भी आशंका जताई जा रही है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की मां का आरोप है कि कुछ लोग सरकारी चकरोड पर अवैध कब्जा कर मुर्गी फार्म का निर्माण कर रहे थे। जब उनके बेटों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने







लाठी-डंडों और लोहे की सरियों से हमला कर दिया तथा दोनों भाइयों को बुरी तरह पीटा।

मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया। हालांकि पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने केवल एक पक्ष के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया है, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित पक्ष न्याय की मांग को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रग्ढ) कार्यालय पहुंचा और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन की नजर बनी हुई है।

## कार्रवाई के दौरान एक व्यापारी की तबीयत बिगड़ी

**मेरठ (आरएनएस )**। मेरठ के शास्त्री नगर क्षेत्र में आवास एवं विकास परिषद की चल रही ध्वस्तीकरण और सेट बैक कार्रवाई के दौरान सोमवार को एक व्यापारी की तबीयत बिगड़ गई। बताया गया कि कार्रवाई से परेशान व्यापारी की अधिकारियों से नोकझोंक भी हुई, जिसके बाद उसकी हालत अचानक खराब हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान व्यापारी और आवास विकास परिषद के अधिकारियों के बीच तीखी बहस हुई। इसी दौरान व्यापारी की तबीयत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजन और स्थानीय लोगों ने उसे संभाला। बाद में परिजन उसे ई-रिक्शा में बैठाकर उपचार के लिए वहां से ले गए। घटना के दौरान कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभाल लिया और कार्रवाई आगे जारी रही। गौरतलब है कि शास्त्री नगर और सेंट्रल मार्केट क्षेत्र में सेट बैक और अवैध निमार्णों को लेकर आवास एवं विकास परिषद की कार्रवाई लगातार जारी है, जिसका कई स्थानों पर विरोध भी देखने को मिल रहा है।

## बेकाबू कैंटर की टक्कर से किसान की मौत, उपचार में लापरवाही के आरोप, चालक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी**। क्षेत्र के गांव कैथाला निवासी किसान भोपाल सिंह की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि भोपाल सिंह रविवार को अपने गांव से बुग्गी लेकर गुलावठी चारा लेने आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक बेकाबू कैंटर ने उनकी बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद परिजन और राहगीर घायल किसान को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुलावठी लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि उस समय अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कोई डॉक्टर अथवा स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं मिला, जिसके कारण घायल किसान को समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल सका।



गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उन्हें हापुड़ के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान भोपाल सिंह की मौत हो गई। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने हादसे के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अस्पताल में कथित लापरवाही की जांच की मांग की है।

# मुठभेड़ में मारे गए 50 हजार के इनामी जीतू सैनी प्रकरण की होगी मजिस्ट्रियल जांच, 8 जुलाई तक मांगे गए साक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा**। मुठभेड़ के दौरान मारे गए 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश जीतू सैनी प्रकरण में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट बुलन्दशहर के आदेश पर उप जिलाधिकारी खुर्जा को मामले की जांच का दायित्व सौंपा गया है। जांच के संबंध में आमजन से साक्ष्य एवं बयान प्रस्तुत करने की अपील की गई है।उप जिलाधिकारी खुर्जा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 30 अप्रैल 2026 की देर रात थाना खुर्जा नगर, स्वाट टीम तथा अन्य पुलिस बल संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक नीले रंग की स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन स्कूटी सवारों ने तेजी से भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार बदमाशों का पीछा करते हुए टीम ने झाझर रोड क्षेत्र में घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर लगातार फायरिंग की, जिसमें स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद असलम और मुख्य आरक्षी मोहित मलिक गोली लगने से घायल हो गए। वहीं प्रभारी निरीक्षक खुर्जा नगर तथा एक अन्य पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा और गिरफ्तारी के उद्देश्य से नियंत्रित फायरिंग की। मुठभेड़ समाप्त होने के बाद पुलिस को एक बदमाश घायल अवस्था में मिला, जिसकी पहचान जीतू सैनी पुत्र सुभाष सैनी निवासी मोहल्ला पंजाबियान, थाना खुर्जा नगर के रूप में हुई। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां बाद में जिला अस्पताल बुलन्दशहर में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार जीतू सैनी पर जनपद बुलन्दशहर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह कई संगीन मामलों में वांछित था। मामले में थाना खुर्जा नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

उच्चतम न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के निर्देशों तथा पुलिस महानिदेशक के परिपत्र के अनुपालन में मुठभेड़ की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। उप जिलाधिकारी खुर्जा ने कहा है कि यदि घटना के संबंध में कोई व्यक्ति साक्ष्य अथवा बयान प्रस्तुत करना चाहता है तो वह 8 जुलाई 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में नई तहसील खुर्जा स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है।

## पंचायत का अयोजन

## पंचायत में कस्वा शिकारपुर व आस पास के गावों के सेकड़ों किसानों, मजदूरों ने भाग लिया

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन के मुख्यमंत्री के दावे खोखले : चंद्रपाल सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । किसानों के भूमि रिकार्ड मे त्रुटियों को ठीक करने, तहसील में काम कराने के बदले अवैध वसूली,आवारा पशुओं से किसानों की फसलों की सुरक्षा करने,स्मार्ट मीटर लगाने बंद करने, लगाए गये स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर बहाल करने आदि मांगों को लेकर किसान सभा के बैनर तले उप जिलाधिकारी कार्यालय शिकारपुर के समक्ष किसान मजदूर पंचायत का अयोजन किया गया। पंचायत में कस्वा शिकारपुर व आस पास के गावों के सेकड़ों किसानों, मजदूरों ने भाग लिया।

पंचायत में आये किसानों, मजदूरों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार खत्म होने के बड़े बड़े दावे करती है। परन्तु शिकारपुर तहसील मुख्यमंत्री के इन दावो की पोल खोलने के लिए काफी है। तहसील प्रशासन की लापरवाही के चलते किसानों कि भूमि रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर अनियमितताये की गयी है। किसान को अपनी भूमि के रिकॉर्ड को दुरुस्त करने के लिए बार बार तहसील के चककर कटवाये जाते है। और उससे अवैध रूप से पैसा वसूला जाता है। तहसील स्तर का ऐसा कोई काम बिना रिश्वत के नही होता है। छोटे छोटे कामों के लिए भी वसूली जाती है।

उन्होंने कहा कि अवारा पशु गाय, सांड, नीलगाय, बंदर, सूअर किसानों की फसलो को उजाड़ रहे है किसानों पर हमले कर रहे हैं लेकन सरकार और उसका प्रशासन इन पशुओं को पकवाने के लिए तैयार नहीं है। किसान सभा के शिकारपुर क्षेत्र के सचिव जयभगवान शर्मा ने कि कस्बा शिकारपुर मे लगाए गये स्मार्ट मीटरों को हटाने की मांग करते हुए कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लगे है उनके बेहिसाब बढ़े हुए बिल आ रहे है।






सरकार स्मार्ट मीटर के जरिये बिजली का निजीकरण करने पर उतारू हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र ने कहा कि गाँवो मे कई स्थानों पर रास्ते व लिक रोड टूटी हुई है। जलभराव की समस्या बरसात मे और भी विकराल रूप धारण कर लेगी।

पंचायत मे मांगो से सम्बन्धित ज्ञापन उपजिलाधिकरी को सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान सभा तहसील पर अनिश्चित कालीन धरना आरम्भ कर देगी। ज्ञापन मे मांग की गयी कि किसानों के भूमि रिकार्ड को दुरुस्त किया जाय। आवारा पशुओं को पकड़वाया जाय, दूध न देने वाली गायों व सांडो को सरकार द्वारा खरीदे जाने की व्यवस्था की जाये। लगाए गये स्मार्ट हटा कर पुराने मीटर बहाल किये जाये, नये स्मार्ट मीटर लगाने बंद किये जायें। गाँवो,व कस्बे के खराब रास्ते व लिंक रोड ठीक कराये जायें। जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाये।

पंचायत की अध्यक्षता वीरेंद्र लौर व संचालन जयभगवान शर्मा ने किया। पंचायत को सरदार अर्जुन सिंह श्रीकृष्ण सिंह,बच्चू सिंह,वीरपाल सिंह,गजेंद्र सिंह,तुंगल सिंह,अमित कुमार,धर्मेंद्र सिंह, विनय कुमार,सुनील, सुभाष सिंह, कान्छी सिंह,घनश्याम सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया।

# शास्त्रीनगर: तीसरे दिन भी चला बुलडोजर, विरोध, नोकझोंक, बेहोश हुई प्रदर्शनकारी महिलाएं

**मेरठ (आरएनएस )**। मेरठ के शास्त्रीनगर क्षेत्र में आवास एवं विकास परिषद की ओर से सेट बैक और अवैध निमार्णों के खिलाफ चलाया जा रहा ध्वस्तीकरण अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में चल रही कार्रवाई के दौरान कई निमार्णों को हटाया गया। वहीं विभिन्न स्थानों पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा।

कार्रवाई के दौरान जब परिषद की टीम सेक्टर-5 स्थित इस्कॉन मंदिर के निकट पहुंची तो श्रद्धालुओं ने विरोध जताना शुरू कर दिया। विरोध के स्वर तेज होने पर श्रद्धालुओं ने 'हरे रामा, हरे कृष्णा' संकीर्तन शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए परिषद की टीम कुछ समय के लिए रुकी रही। बाद में अधिकारियों ने आगे बढ़ते हुए अन्य स्थानों पर अभियान जारी रखा।

**कई की बिगड़ी तबीयत**

गोल मंदिर के पास सेक्टर-3 और सेक्टर-4 के चौराहे पर पिछले कई दिनों से धरने पर बैठी महिलाएं भी सोमवार को कार्रवाई के विरोध में उतर आईं। महिलाओं ने कहा कि सेट बैक के नाम पर उनके घरों को तोड़ा जा रहा है और वे इसका विरोध जारी रखेंगी। प्रदर्शन के दौरान कई महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। कुछ महिलाएं बेहोश हो गईं, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। आवास एवं विकास परिषद की टीम ने सिटी गुरुद्वारा मार्ग, सेक्टर-3, सेक्टर-4 और सेंट्रल मार्केट क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। अधिकारियों का कहना है कि जिन भवन स्वामियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वयं निर्माण नहीं हटाया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# पीआईआईटी में तनावमुक्त जीवन के लिए दिलाया नियमित योग का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। नॉलेज पार्क-3 स्थित प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी (पीआईआईटी) संस्थान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोमवार को योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य सिद्ध नाथ चतुवेर्दी एवं विनोद मंडोलिया ने योग से जीवन में उत्साह और उल्लास लाने के उपाय बताए। साथ ही उन्होंने तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग का संकल्प दिलाया। योग सत्र का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही पीआईआईटी कॉलेज की वरिष्ठ अधिकारी मिथलेश सिंह एवं जागेश सिंह मैम ने राष्ट्र गीत (वंदे मातरम) गाया। इस अवसर पर पीआईआईटी के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ.) भरत सिंह ने उपस्थित लोगों को नियमित योग करने का



संकल्प दिलाते हुए कहा कि हमें केवल एक दिन तक इसे सीमित न रखकर हर दिन कुछ समय योगाभ्यास के लिए निकालना चाहिए। उन्होंने खुद को निरोगी रखने और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करने की प्रतिज्ञा दिलाते हुए परिवार और समाज को भी प्रेरित करने की सलाह दी। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत की इस प्राचीन वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाना तथा जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। योगाचार्य सिद्ध नाथ चतुवेर्दी ने भी स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग और ध्यान को आवश्यक बताया। उन्होंने योग के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुये इतने भव्य एवं सफल आयोजन के लिए डॉ भरत सिंह की प्रशंसा की। साथ ही विधिपूर्वक योगाभ्यास कराया तथा योग द्वारा तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, घुटनों के दर्द एवं शुगर जैसे घातक रोगों से मुक्ति एवं बचाव हेतु योग एवं ध्यान मुद्राओं के बारे जानकारी प्रदान की।

योग सत्र में पीआईआईटी के निदेशक आर.के. शाक्य, सहायक निदेशक (मीडिया) डॉ. जितेन्द्र बच्चन के अलावा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन PIIT की वरिष्ठ अधिकारी मिथलेश सिंह और जागेश सिंह मैम ने संयुक्त रूप से राष्ट्र गान के साथ किया।

# राष्ट्रीय मंच पर मोदीनगर की डॉ.प्राची सिंघल का हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। शहर की वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची सिंघल को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सीसीएफआरजी प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया। इस उपलब्धि को चिकित्सा क्षेत्र में मोदीनगर के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है।

डॉ प्राची सिंघल ने बताया कि राष्ट्रीय रेडियोलॉजी एसोसिएशन (आईआरआईए) द्वारा संचालित सीसीएफआरजी एक उन्नत प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम है, जो गर्भावस्था के दौरान किए जाने वाले अल्ट्रासाउंड परीक्षणों से संबंधित है। इस पाठ्यक्रम में गर्भस्थ शिशु के शारीरिक विकास, जन्मजात विकृतियों




तथा आनुवंशिक बीमारियों की पहचान और अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वह पूर्व में उत्तर प्रदेश में आयोजित सीसीएफआरजी कार्यक्रमों में दो बार अध्यापक एवं वक्ता के रूप में सहभागिता कर चुकी हैं। इस बार विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें तीन अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान देने का अवसर मिला। डॉ प्राची सिंघल ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के बीच अध्यापक के रूप में आमंत्रित होना सम्मान की बात है। ऐसे कार्यक्रम न केवल चिकित्सकों के ज्ञान और अनुभव को समृद्ध करते हैं, बल्कि अल्ट्रासाउंड एवं भ्रूण चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध और तकनीकी प्रगति से भी अवगत कराते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान से जुड़े ऐसे मंच बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फिलहाल डॉ प्राची सिंघल को बधाईयां का सिलसिला जारी है।

# प्रताप विहार सेक्टर-11 में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल, लोगों को सिखाए बचाव के गुन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। प्रताप विहार सेक्टर-11 रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की ओर से शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से एक मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने भाग लेकर स्थानीय निवासियों को आग से बचाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए।

मॉक ड्रिल के दौरान उपस्थित लोगों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया (इवैक्यूएशन),आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तथा अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन करते हुए प्रारंभिक स्तर पर आग पर





नियंत्रण पाने के उपाय भी समझाए।मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने लोगों से अपने आवासीय परिसरों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने, विद्युत उपकरणों एवं गैस संबंधी संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा अग्निशमन उपकरणों को हमेशा कार्यशील अवस्था में रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता से अधिकांश अग्नि दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए लोगों को तैयार करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे तथा उन्होंने अग्निशमन विभाग की पहल की सराहना की।

# सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद/नोएडा (आशा चौधरी)**। पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न (पीओवाई), फुली ड्रॉन यार्न (एफडीवाई) के उत्पादन से जुड़े अग्रणी एकीकृत पॉलिएस्टर निमार्ताओं में से एक, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनएसईः सुमीतइंड्स, बीएसईः 514211) ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है। इसका उद्देश्य कंपनी की वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा उसकी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकताओं को समर्थन प्रदान करना है। सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल रू. 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है।राइट्स इश्यू के बारे में बोलते हुए सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मेनेजिंग डिरेक्टर प्रतीक आर. जाजू ने कहा, राइट्स इश्यू सुमीत इंडस्ट्रीज की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माईल स्टोन है और यह कंपनी की परिचालन एवं वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें अपने मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य के विकास में भागीदारी का अवसर प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। कंपनी राइट्स इश्यू से प्राप्त राशि में से रू. 49 करोड़ गुजरात के सूरत में नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित अतिरिक्त 1,40,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स (सीपी) प्लांट के अधिग्रहण एवं संचालन हेतु आवंटित करने का प्रस्ताव रखती है। इस परियोजना की कुल लागत रू. 90 करोड़ है, जिसमें शेष रू. 41 करोड़ आंतरिक संसाधनों से उपलब्ध कराए जाएंगे। वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही में पुनः संचालन शुरू होने की अपेक्षा वाली यह सुविधा कंपनी के बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूत करेगी तथा उसके डाउनस्ट्रीम पॉलिएस्टर विनिर्माण परिचालनों को समर्थन प्रदान करेगी।

रणनीतिक रूप से प्रस्तावित पूंजी आवंटन चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैः विनिर्माण क्षमता विस्तार, परिसंपत्ति एकीकरण, बैलेंस शीट को मजबूत बनाना तथा ऊर्जा सुरक्षा। सामूहिक रूप से ये पहल परिचालनिक मजबूती बढ़ाने, संसाधनों की दक्षता में सुधार करने तथा कंपनी के दीर्घकालिक विकास मंच को सशक्त बनाने की अपेक्षा रखती हैं। नियोजित निवेशों का उद्देश्य सुमीत इंडस्ट्रीज की प्रतिस्पर्धी स्थिति को मजबूत करना तथा दीर्घकालिक टिकाऊ एवं लाभदायक विकास को समर्थन देना है।

राइट्स इश्यू से जुटाई गई पूंजी सुमीत इंडस्ट्रीज के विकास के अगले चरण को समर्थन देगी। इसमें कार्यशील पूंजी को मजबूत करना, अधिग्रहित विनिर्माण परिसंपत्तियों का एकीकरण, ऋण में कमी के माध्यम से पूंजी संरचना में सुधार तथा कैप्टिव सोलर पावर सुविधा के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना शामिल है। इन पहलों से परिचालन दक्षता और विनिर्माण क्षमता में वृद्धि होने की अपेक्षा है।रू. 199.75 करोड़ का प्रस्तावित फंड जुटाव हमारी प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकताओं को समर्थन देगा, जिनमें कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं, अधिग्रहित विनिर्माण परिसंपत्तियों का एकीकरण, ऋण में कमी तथा कैप्टिव सोलर पावर सुविधा में निवेश शामिल है।

विशेष ध्यान नाकोडा लिमिटेड से हाल ही में अधिग्रहित पॉलिएस्टर चिप्स विनिर्माण सुविधा के संचालन पर रहेगा, जिससे बैकवर्ड इंटीग्रेशन मजबूत होगा और हमारी एकीकृत पॉलिएस्टर वैल्यू चेन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा है। यह अधिग्रहण हमारे डाउनस्ट्रीम POY और FDY परिचालनों को समर्थन देगा, परिचालनिक पैमाना बढ़ाएगा तथा भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा।

# विटामिन D की कमी बढ़ रही बच्चों में डॉ. अमित गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट- पीडियाट्रिशियन एवं नियोनेटोलॉजिस्ट, मदरहुड हॉस्पिटल्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

## स्क्रीन टाइम बढ़ा, धूप कम हुईः 7 से 16 वर्ष के बच्चों में विटामिन ऊकी कमी बढ़ रही है

**नोएडा (सज्जाद बाकर)**। डॉ. अमित गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट - पीडियाट्रिशियन एवं नियोनेटोलॉजिस्ट, मदरहुड हॉस्पिटल्स, सेक्टर 48, नोएडा ने बताया डिजिटल क्लासरूम, ओटीटी मनोरंजन और व्यस्त शैक्षणिक दिनचर्या के इस दौर में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर लेकिन अक्सर अनदेखा



संकट तेजी से उभर रहा है। तकनीक ने जहां बच्चों के सीखने और मनोरंजन के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाया है, वहीं इसके कारण घर के अंदर रहने वाली और कम शारीरिक गतिविधियों वाली जीवनशैली भी बढ़ी है। इसका परिणाम यह है कि भरपूर धूप वाले देश भारत में भी बच्चों में विटामिन ऊकी कमी तेजी से बढ़ रही है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि हड्डियों की मजबूती, मांसपेशियों की ताकत और बेहतर प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए आवश्यक "सनशाइन विटामिन" यानी विटामिन ऊ 7 से 16 वर्ष के बच्चों के जीवन से धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है।

आज के बच्चे स्क्रीन, ऑनलाइन कक्षाओं, इनडोर गतिविधियों और व्यस्त दिनचर्या के बीच बड़े हो रहे हैं। तकनीक ने शिक्षा और मनोरंजन को आसान बनाया है, लेकिन इसका एक अनपेक्षित दुष्प्रभाव बच्चों में बढ़ती विटामिन ऊकी कमी के रूप में सामने आ रहा है, जबकि भारत के अधिकांश हिस्सों में सालभर पर्याप्त धूप उपलब्ध रहती है। इसलिए माता-पिता के लिए यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि उनके बच्चे प्रतिदिन सुबह कम से कम 10 मिनट धूप में रहें, ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार हो सके।विटामिन D, जिसे अक्सर "सनशाइन विटामिन" कहा जाता है, हड्डियों के विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मांसपेशियों की मजबूती और बच्चों की संपूर्ण वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके बावजूद, भारत में बड़ी संख्या में बच्चों में विटामिन ऊका स्तर पर्याप्त नहीं पाया जा रहा है।

डॉ. अमित गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट झ पीडियाट्रिशियन एवं नियोनेटोलॉजिस्ट, मदरहुड हॉस्पिटल्स, सेक्टर 48, नोएडा ने कहा,

"बच्चों में विटामिन ऊ की कमी के मामलों में स्पष्ट वृद्धि देखी जा रही है, यहां तक कि उन बच्चों में भी जो सामान्य रूप से स्वस्थ दिखाई देते हैं। वर्तमान में अधिकांश बच्चे प्रतिदिन 30 मिनट से भी कम समय बाहर बिताते हैं और अधिकतर समय पढ़ाई, कोचिंग क्लासेज या डिजिटल डिवाइसेज के उपयोग में घर के अंदर रहते हैं। प्राकृतिक धूप की कमी के कारण शरीर पर्याप्त मात्रा में विटामिन ऊ का निर्माण नहीं कर पाता।

हर सप्ताह 7 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 3-4 बच्चे कम विटामिन ऊ स्तर की शिकायत लेकर हमारे पास आते हैं। कई ऐसे बच्चे भी हैं जो देखने में पूरी तरह स्वस्थ लगते हैं, लेकिन उनकी जांच में विटामिन ऊ का स्तर काफी कम पाया जाता है। यदि समय रहते इस कमी पर ध्यान न दिया जाए, तो इससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, कैल्शियम का अवशोषण प्रभावित हो सकता है, फ्रैक्चर का खतरा बढ़ सकता है, लगातार मांसपेशियों में दर्द, थकान और शारीरिक विकास में देरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, विटामिन ऊ की कमी बार-बार होने वाले संक्रमणों, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और समग्र स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।"डॉ. अमित ने आगे कहा, "माता-पिता को बच्चों को नियमित रूप से बाहर खेलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 45 से 60 मिनट तक आउटडोर गतिविधियों में शामिल करना चाहिए।

सुबह की केवल 10 मिनट की धूप भी शरीर में प्राकृतिक रूप से विटामिन ऊके निर्माण को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है।इसके साथ ही पौष्टिक और संतुलित आहार भी बेहद महत्वपूर्ण है। बच्चों के भोजन में कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दही, पनीर, रागी, बादाम और हरी पत्तेदार सब्जियां नियमित रूप से शामिल की जानी चाहिए।

# अवसर के साथ उतरदायित्व सौपते हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**गुलावठी**। डीएन कालेज के पूर्व प्राचार्य एवं शुभम संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.देवकीनन्दन शर्मा ने हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष विषय पर आकाशवाणी नजीबाबाद केन्द्र से वार्ता का प्रसारण आज 22जून को हुआ । दस मिनट की सारगर्भित वार्ता में डॉ.देवकीनन्दन शर्मा ने बताया कि 30 मई 1826 को उदन्त मार्तण्ड पत्र के प्रकाशन से आरम्भ हुई हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा का दो सौ वर्ष का इतिहास संघर्ष और चुनौतियों से भरा हुआ है। ब्रिटिश दासता, भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक उत्थान के उदात्त संकल्प को लेकर हिन्दी पत्रकारिता ने पूर्ण साहस के साथ स्वयं को लोकतंत्र का प्रहरी सिद्ध किया। स्वतंत्रता के बाद बडा बदलाव यह आया, इसका आर्थिक पक्ष तो मजबूत हुआ मगर सामाजिक और नैतिक सरोकारों को अपेक्षित आधार नहीं मिल सका। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में कम्प्यूटर इंटरनेट और मोबाइल ने इसके स्वरूप को पूर्णतः बदल दिया। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( ए आई) ने उसके समक्ष कई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। संक्षेप में, हिन्दी पत्रिकारिता की दै सौ वर्ष की यात्रा हमें अवसर के साथ उतरदायित्व भी सौंपती है। हिन्दी पत्रकारिता का आगामी इतिहास अतीत के फलक पर स्वर्णिम आशाओं की इबारत लिखकर ही लिखा जा सकता है।

हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष के ऐतिहासिक पड़ाव पर प्रसारित इस वार्ता को प्रासंगिक और मार्गदर्शक कहते हुए अनेक साहित्यकारों डॉ.अनूप सिंह, डॉ. केशव कल्पांत, डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ.सुहेल, डॉ. ब्रजराज यादव, डॉ.नीलम गर्ग, डॉ.पुष्पा गर्ग, डॉ.अंजु दुबे, डॉ. मोनू सिंह, डॉ. राजकुमार वर्मा इत्यादि ने बधाई संदेश भेजकर वातार्कार डॉ.देवकीनन्दन शर्मा को बधाई दी है ।

# ओम फुर्र फैब्रिक के एमडी पुलकित नारंग ने मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली**। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल एक दिन का उत्सव रहा है, बल्कि यह उस परंपरा का शुभ दिन था, जिसमें संपूर्ण विश्व को आरोग्य और शांति का मार्ग दिखाया था। इस वर्ष योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के साथ योग ने एक बार फिर शरीर, मन और आत्मा की समरसता के विज्ञान के रूप में अपनी महता साबित की है। ओम फुर्र फैब्रिक के एमडी पुलकित नारंग ने कहा कि नियमित योग से न केवल शरीर लचीला व मजबूत बनता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में भी आश्चर्यजनक सुधार आता है। डिप्रेशन, एंग्जायटी व अनिद्रा जैसी समस्याओं में योग आज एक सहायक चिकित्सा पद्धति बन गया है। हमें सिर्फ योग दिवस पर नहीं बल्कि प्रतिदिन योग को अपने जीवन में उतारना चाहिए। क्योंकि जब तन स्वस्थ होगा, मन शांत होगा तभी समाज व राष्ट्र भी समृद्ध होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज की दौड़ती भागती जिंदगी में हर कोई स्वस्थ रहना चाहता है। बीमारियों से खुद को बचाने के लिए लोग नाजाने कितना कुछ करते हैं। एक अच्छा आहार लेते हैं। अपनी दिनचर्या में कई तरह के बदलाव लाते हैं और साथ ही लोग योग का सहारा लेते है। योग हमारे जीवन के लिए जरुरी है, हर किसी को योग करना चाहिए। हर दिन सुबह उठकर हमें खुद तो योग करना चाहिए, साथ ही अपने परिवार के लोगों को भी इसके बारे में बताना चाहिए। जो लोग योग करते हैं, वो अकेले ही नहीं बल्कि कई बड़े ग्रुप से जुड़ते है। हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है और



इस बार भी इस दिन का इंतजार हर किसी को बेसब्री से था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम हर साल योग दिवस अलग अलग थीम क आधार पर मनाया जाता है, इस साल 2026 की थीम है योगा फॉर हेल्दी एजिंग है।

इस अवसर पर ओम फुर्र फैब्रिक क्रिएटिव हेड ऐश्वर्या कोचर ने बताया कि योग को प्राचीन भारतीय कला का एक प्रतीक माना जाता है। भारतीय योग को जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। इस दिन को मनाने का उद्देश्य योग के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ लोगों को तनाव मुक्त करना भी हैं। योग भारतीय ज्ञान की पांच हजार वर्ष पुरानी विरासत है, जिसके प्रणेता महर्षि पतंजलि को माना जाता है।

**शुरूआत** | निटरा के विभिन्न क्षेत्रों के क्रियाकलापों को दिखाया गया

# निटरा: वस्त्र अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्टता के पाँच दशक हर महान संस्था की शुरूआत एक दूरदर्शी सोच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । निटरा के 52वें स्थापना दिवस पर हमारे संरक्षक वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार और वस्त्र उद्योग जगत ने उपस्तिथ होकर होसला अफजाई की. इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह और राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा , वस्त्र उद्योग जगत की नामचीन हस्तियाँ और वस्त्र मंत्रालय के उच्च अधिकारीगण उपस्तिथ रहे. कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई इसके उपरांत निटरा डिप्टी चेयरमैन श्री संदीप होरा और महानिदेशक डॉ एम् एस परमार ने माननीय मंत्रीगणों और मेहमानों का स्वागत किया. इसके उपरांत डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा ने निटरा के इतिहास के बारे में बताया की किस तरह वस्त्र उद्योग की मांग पर भारत सरकार ने और उद्योगपतियों के साथ मिलकर निटरा रूपी पौधा





लगाया जो आज एक वटवृक्ष के रूप ले चुका है. उन्होंने कहा की उस समय के प्रमुख उद्योगपति एस. पी. विरमानी, एल. एन. झुनझुनवाला, सतीश कुमार मोदी तथा एच. सी. जैन आदि और उद्योग मंत्रालय ने उतर भारत में अपनी तरह के एक विशिष्ट अनुसन्धान और विकास संस्थान निटरा स्थापित किया और इसमें प्रख्यात उद्योगपति के. एन. मोदी के नेतृत्व तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से राजनगर, गाजियाबाद में लगभग 50 एकड़ भूमि निटरा को आवंटित की गई, जिसने इस संस्थान को एक स्थायी पहचान और विकास का आधार प्रदान किया। संदीप होरा ने अपने उदबोधन में कहा कि आरम्भ से ही निटरा ने वस्त्र उद्योग की वास्तविक चुनौतियों के समाधान को अपना लक्ष्य बनाया। तकनीकी परामर्श, उत्पादकता सुधार कार्यक्रमों, गुणवत्ता उन्नयन पहलों तथा ज्ञान प्रसार गतिविधियों के माध्यम से संस्थान ने शीघ्र ही उद्योग जगत का विश्वास अर्जित किया और विकास एवं आधुनिकीकरण के एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की।इसके उपरांत निटरा महानिदेशक डॉ एम् एस परमार ने निटरा उपलब्धियों पर एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया जिसमें निटरा के विभिन्न क्षेत्रों के क्रियाकलापों को दिखाया गया।

# गो बैक सीएम योगी के लगे पोस्टर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महानगर के विभिन्न इलाकों में




मुख्यमंत्री वापस जाओ के पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों पर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। पोस्टरों पर लिखा है, मुख्यमंत्री जवाब दो छात्र संघ चुनाव कब कराओगे। छात्रों ने मुख्यमंत्री से अपनी पुकार सुनने और इस बार छात्र संघ चुनाव कराने की अपील की है। एक अन्य नारे में छात्रों की रक्षा हेतु छात्र संघ चुनाव करो बहाल का आह्वान किया गया है।

यह पोस्टर तमाम नारों के साथ शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए गए हैं। पोस्टर लगाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यह घटना छात्रों के बीच छात्र संघ चुनाव को लेकर बढ़ती बेचैनी को दशार्ती है। ऐसे पोस्टर लगाने की अभी किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है और न ही प्रशासन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया जारी की है।

# कैंसर से जूझ रही बहूँ की हॉस्पिटल में मौत, सास की सदमें से मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** चण्डौस कोतवाली क्षेत्र के गांव टीकरी भवापुर में रविवार को कैंसर से जूझ रही महिला की अस्पताल में मौत हो गई। बहू के निधन की सूचना मिलते ही उसकी सास को गहरा सदमा लगा और कुछ ही देर बाद उनका भी निधन हो गया। परिवार इस दोहरे दुख से उबर भी नहीं पाया था कि घर की पालतू गाय ने भी दम तोड़ दिया। एक ही दिन में तीन मौतों से परिवार और गांव शोक में डूब गया।

गांव निवासी 43 वर्षीय सपना चौहान, पत्नी केदार चौहान, पिछले करीब डेढ़ वर्ष से लीवर संक्रमण की समस्या से जूझ रही थीं। करीब एक माह पहले जांच में कैंसर की पुष्टि हुई थी। वह पिछले डेढ़ माह से नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं। रविवार दोपहर करीब दो बजे उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। सपना चौहान के



निधन की सूचना जैसे ही गांव स्थित घर पहुंची, उनकी 70 वर्षीय सास ओमवती देवी पत्नी सरनाम सिंह गहरे सदमे में आ गईं। परिजनों के अनुसार कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और घर पर ही उनका निधन हो गया। परिवार पर दुखों का पहाड़ तब और टूट पड़ा जब घर की करीब चार वर्ष की गाय ने भी अचानक दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार गाय पूरी तरह स्वस्थ थी और रविवार सुबह उसने दूध भी दिया था। करीब तीन वर्ष से गाय परिवार के पास थी। पशु चिकित्सक को नहीं बुलाया गया। बाद में ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक गाय को दफना दिया।

रविवार शाम करीब सात बजे गांव के शमशान घाट पर सास ओमवती देवी और बहू सपना चौहान का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। दोनों की चिताएं साथ जलाई गईं। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। सपना अपने पीछे 23 वर्षीय बेटी दीपा और 21 वर्षीय पुत्र अभय को छोड़ गई हैं। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पुलिस या प्रशासन को नहीं दी गई।

# प्रो.एम.जे.वारसी को लिंग्विस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद जहांगीर वारसी को पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में आयोजित 53वें अखिल भारतीय द्रविड़ भाषाविज्ञानी सम्मेलन (एआईसीडीएल) के दौरान पंजाबी लिंग्विस्टिक्स एसोसिएशन द्वारा ह्यलिंग्विस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड-2025ह्ल से सम्मानित किया गया।

**प्रो. वारसी एक प्रतिष्ठित भाषाविद् और शिक्षाविद् हैं। उन्होंने अध्यापन, शोध और शैक्षणिक नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं तथा अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित हो चुके हैं**

सम्मेलन में भाषा विज्ञान विभाग के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद जहांगीर वारसी के साथ शोधार्थी मंजूर अहमद ने भी अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध-पत्र का विषय फ्रॉम चॉकबोड्र्स टू चौटबॉट्सः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग था, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी भाषा शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग और उसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। यह सम्मान प्रो. वारसी को अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान (एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स) के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान तथा भाषाई अनुसंधान और अकादमिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में किए गए निरंतर प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

प्रो. वारसी एक प्रतिष्ठित भाषाविद् और शिक्षाविद् हैं। उन्होंने अध्यापन, शोध और शैक्षणिक नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं तथा अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित हो चुके हैं।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, भाकियू एवं बहुजन विद्यार्थी एकता संघ के अध्यक्ष किये हाऊस अरेस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जो रहे कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शेरपाल सिंह सविता और भाकियू टिकैत के युवा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह को पुलिस ने इन उनके आवास पर पुलिस ने नजर बंद कर दिया है। शेरपाल सिंह सविता ने वहीं पुलिस को ही ज्ञापन सौंपा।

छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने जा रहे बहुजन विद्यार्थी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन कुमार को सोमवार को पुलिस ने उनके गांव अमरौली स्थित आवास पर नजरबंद कर लिया। बताया गया कि गगन कुमार मुख्यमंत्री से मिलकर छात्रों की समस्याओं और मांगों को उनके समक्ष रखना चाहते थे। इससे पहले ही पुलिस उनके आवास पर पहुंच गई और उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया। संगठन ने इसे छात्रों की आवाज दबाने की कार्रवाई बताते हुए विरोध जताया है।

# रायपुर दलपतपुर में 'आसमां का लाल, धरती का अभिमान' कार्यक्रम में उमड़ा देशप्रेम, सैकड़ों ने किया वायु योद्धा का स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** "जब गांव का बेटा आकाश की ऊंचाइयों को छूकर वर्दी में लौटता है, तो हर छाती गर्व से चौड़ी हो जाती है और हर आंख नम हो जाती है।" कुछ इसी भाव के साथ सोमवार को गांव रायपुर दलपतपुर देशभक्ति के रंग में रंग गया। 'आसमां का लाल, धरती का अभिमान' कार्यक्रम के तहत गांव के सपूत, फ्लाइंग ऑफिसर बनकर प्रथम बार गांव पहुंचे संसार सिंह का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और 'भारत माता की जय' व 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के गगनभेदी नारों से पूरा पांडाल गुंजायमान हो उठा। किसान, शिक्षक, महिलाएं, बुजुर्ग और जनप्रतिनिधि अपने लाल के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाए खड़े थे। माताओं ने आरती उतारकर अपने वीर सपूत को तिलक किया। पूरे गांव में जश्न का माहौल रहा।

फ्लाइंग ऑफिसर संसार सिंह ने भावुक होकर संबोधित करते हुए कहा, ये वर्दी आप सबके आशीर्वाद की पहचान है। आपका प्यार, सम्मान ही सेना की असली ताकत है। देश की सेवा सैनिक के खून की रग-रग में समाई होती है। मैं भी इस पवित्र धरती को साक्षी मानकर वचन देता हूँ कि अंतिम सांस तक मातृभूमि की आन-बान-शान के लिए सीना तानकर दुश्मन के सामने खड़ा रहूंगा। वर्दी मेरी पहचान है और देशसेवा ही मेरा धर्म। आप बस अपना आशीर्वाद बनाए रखना।"

कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक नेता हऊआ चौधरी ने जोश भरते हुए कहा, हम उस लाल संसार सिंह का स्वागत कर रहे हैं, जिसने संसार में गांव का नाम रोशन किया है। संसार सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं, हजारों युवाओं की उम्मीद और हौसला हैं।




जब गांव का बेटा अफसर बनता है तो पूरे गांव का नाम होता है और युवाओं में आगे बढ़ने का जज्बा पैदा होता है, यही तरक्की का रास्ता है।

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत ने कहा, सेना शौर्य का नाम है। सैनिकों के बड़े मुकाम तक पहुंचने से पूरे समाज और क्षेत्र का मस्तक ऊंचा होता है। नौजवान आगे बढ़ते हैं तो वह आने वाली नई पीढ़ी के लिए जीता-जागता प्रेरणा स्त्रोत बनते हैं। युवा भरोसा दें कि हर घर से एक संसार निकलना चाहिए।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार ने कहा, यही सबसे बड़ा उत्सव का दिन है, जब हमारे गांव का बेटा देश की रक्षा के लिए आकाश में उड़ान भरेगा। हर माता-पिता की इच्छा होगी कि उनका बेटा भी संसार सिंह जैसा बने और देश का नाम रोशन करे।

पूर्व फौजी राजपाल सिंह ने युवाओं से कहा, वर्दी का नशा सबसे बड़ा होता है। मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। बंदूक उठाना आसान है, लेकिन उस बंदूक के साथ जिम्मेदारी उठाना ही असली फौजी की पहचान है। ?

?शिक्षक नेता डॉ. रक्षपाल सिंह बोले सैनिक किसी रत्न कम नहीं होते। माता-पिता बच्चों को पढ़ाएं, देशसेवा के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान जगवीर सिंह प्रधान, राजाराम राघव, अंकित चौधरी, ओमवीर राघव, राजेश चौधरी, योगेंद्र सिंह, धर्मपाल राघव, गजेंद्र पहलवान, अ?भिषेक चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, चंद्रपाल सिंह, राकेश कुमार, कमल सिंह, वतन चौधरी, बंटी चौधरी, योगेंद्र कुमार सिंह, प्रताप सिंह कुंतल, उमाकरन, तेजवीर सिंह, मक्खन सिंह, सुखवीर सिंह, रामजीलाल, श्योराज सिंह, अंकुर सिंह, अरविंद, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री की सुरक्षा के चलते श्मशान घाट के बाहर रोक दी गई अर्थी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सीएम योगी की सुरक्षा के चलते श्मशान घाट के बाहर अर्थी रोक दिया गया। परिजन अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करते रहे, मुख्यमंत्री का काफिला गुजरने और सुरक्षा एजेंसियों से अनुमति मिलने के बाद ही अंतिम यात्रा को आगे बढ़ने दिया गया। इसी दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के चलते यातायात रोक दिया गया था। इसी दौरान एक व्यक्ति की अर्थी मोक्षधाम पहुंची, लेकिन सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण परिजनों को बाहर ही रुकना पड़ा। वहीं लोगों का मानना है कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील मामलों में विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए।



### गांव सिकतरा के बाहर कटा मिला मानव सिर, धड़ की तलाश में जुटी पुलिस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विजयगढ़ थाना क्षेत्र के सिकतरा सानी गांव में रविवार शाम एक मानव का कटा हुआ सिर मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने सिर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है और शव की तलाश शुरू कर दी है। रविवार शाम करीब 4 बजे की है, जब सिकंदरा सानी गांव के बाहर एक व्यक्ति का कटा हुआ सिर मिला। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूच गांवना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी हेमन्त मावी ने बताया कि सिकतरा सानी गांव में मिला सिर कई दिनों पुराना प्रतीत होता है। पुलिस ने कटे हुए सिर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अब धड़ (शव) की तलाश में जुटी हुई है।

### थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एएमयू प्रो. शहाबुद्दीनने एनएमआर तकनीक पर शोध प्रस्तुत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर शहाबुद्दीन ने थाईलैंड के क्राबी में आयोजित प्रतिष्ठित सीआईपीएसी संगोष्ठी में हाइब्रिड माध्यम से न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस (एनएमआर) स्पेक्ट्रोस्कोपीरू प्रोटॉन मैग्नेटिक रेजोनेंस (एच-एनएमआर) सिद्धांत और संरचनात्मक विश्लेषण पर विशेष फोकस विषय पर शोधपत्रप्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी अणुओं की संरचना का अत्यंत सटीक निर्धारण करने वाली एक शक्तिशाली और गैर-विनाशकारी विश्लेषणात्मक तकनीक के रूप में तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। प्रो. शहाबुद्दीन की इस प्रस्तुति को संगोष्ठी में मौजूद शोधकताओं और विशेषज्ञों ने विशेष रुचि के साथ सुना। इससे समकालीन विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान और कीटनाशक अनुसंधान के क्षेत्र में एएमयू के वैज्ञानिक योगदान की प्रासंगिकता और महत्ता भी उजागर हुई।

### बरेहती में हाईटेंशन तार टूटा करंट से दो युवकों की मौत

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी क्षेत्र स्थित बरेहती गांव में सोमवार दोपहर को एक हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूट गया। तार टूटने से खेत में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और विद्युत विभाग को सूचित किया। थाना क्वार्सी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने इस घटना के लिए विद्युत विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के तार जर्जर हालत में हैं, जिसकी शिकायतें पहले भी की जा चुकी थीं। इसके बावजूद समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ।



# अली नगर रोड़ श्मशान घाट के निकट पाईप, फटने से जलभराव, लोगों ने जताया आंक्रोश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वार्ड. नं01- अन्तर्गत अली नगर रोड़ श्मशान घाट के निकट पाईप लाइन फट जाने के कारण जल भराव की स्थिति उतपन्न से क्षेत्रीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पाईप लाइन को फटे हुए करीब एक सप्ताह हो गया है लेकिन अभी तक पाईप लाइन को ठीक नहीं कराया गया है। वहीं लोगों के मकानों और बेसमेंट में भी पानी जा रहा है, जिससे और भी संकट गहरा गया है। लोगों का कहना है कि पाईप लाइन फटने की शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से भी की गई है, लेकिन इसके बाद पाईप लाइन ठीक नहीं करायी गयी है। इससे लोगों में आंक्रोश है।



# मौत की असली वजह जानने के लिए क्रब से निकाला गया विवाहिता का शव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी में एक माह बाद विवाहिता का शव क्रब से निकाला गया। डीएम के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। क्योंकि मायका पक्ष दोबारा पोस्टमार्टम कराने के बाद मौत की असली वजह जानना चाहता है। कार्रवाई के दौरान पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चिकित्सकों का पैनल भी मौजूद रहा।





मोहल्ला चौधरियान निवासी अय्यूब ने अपनी 25 वर्षीय बेटी मेहताब का निकाह करीब आठ माह पूर्व नखासा थाना क्षेत्र के रुकनुद्दीन सराय निवासी जफीर के साथ किया था। बताते हैं कि 11 मई 2026 की रात करीब एक बजे मेहताब के पेट में तेज दर्द उठा और उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए संभल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतका के मायके पक्ष ने उस समय ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा हत्या करने का आरोप लगाते हुए नखासा थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था, जिसके बाद मायके वाले शव को अपने साथ सिरसी ले आए थे और मुहल्ला चौधरियान स्थित कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया था। मायके वालों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों से वे संतुष्ट नहीं थे। उनका आरोप है कि मेहताब की मौत स्वाभाविक नहीं थी और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाना आवश्यक है। इसी मांग को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई थी। अनुमति मिलने के बाद सोमवार को नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल, ने पुलिस बल की मौजूदगी में कब्र की खोदाई कराई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत शव को बाहर निकाला गया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस दौरान आसपास लोगों की काफी भीड़ रही।

**सौगात** — सीएम ने किसी को दी मकान की सौंपी चाबी, किसी को चैक, स्वास्थ्य का भी रखा ध्यान

# मुख्यमंत्री ने मंच पर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को किया लाभान्वित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने रविवार को अलीगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जनपद को 462 करोड़ रुपये लागत की 85 विकास परियोजनाओं की सौगात दी।




इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सरिता पत्नी सरनाम सिंह, पनैठी एवं रवि पुत्र कैलाशचन्द्र जलुपुर सिंहोर को आयुषमान कार्ड, लतेश देवी पत्नी वीरेन्द्र पाल बरौला जाफराबाद को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास की चाबी, अतुल कुमार, गाँधी नगर को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 5 लाख रुपए का चेक, मीरा रानी नगला कालार को विश्वकर्मा श्रम योजना के तहत सिलाई मशीन, श्रीमती कमलेश देवी, माँ लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह अहमदपुर एवं श्रीमती उमा, राम आजीविका स्वयं सहायता समूह, गोविन्दपुर फगोई को आर0एफ0 व सी0आई0एफ0 का 7.13 करोड़ का चैक, पुष्पेन्द्र कुमार डेटा खुर्द, चण्डौस को मिनी नंदनी कृषक समृद्धि योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र, श्रीमती पूनम देवी पत्नी नबाब सिंह महमूदपुर धनीपुर को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास की चाबी एवं मनोज सारस्वत, अलीगढ़ पोटेटो सीड प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, हीरपुर हुसैनपुर लोधा को फार्म मशीनरी बैंक योजना में चाबी वितरण किया गया।

# चेकिंग अभियान में युवक दबोचा,धारदार हथियार बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबराया हुआ नजर आया। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान अब्दुल जब्बार अली निवासी थाना गढ़मुक्तेश्वर के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।



# योग हमारी शक्ति,एकाग्रता और कार्य क्षमता को बढ़ाता है: प्रभारी जिला जज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निदेर्शानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार सिंह प्रथम की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय के प्रागंण में योग शिविर का आयोजन योग किया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी जिला जज श्री वीरेश चंद्रा द्वारा किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर असगर अली,सिविल जज सीनियर डिवीजन/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने योग दिवस के महत्व के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि योग,मन, शरीर,और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है व योग हमारी शक्ति,एकाग्रता और कार्य क्षमता को बढ़ाता है। हर साल की तरह इस बार भी 21 जून को दुनिया भर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

इसी क्रउ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला कारागार डासना गाजियाबाद में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अधिकारीगण, एल0ए0डी0सी0एस0 अधिवक्तागण एवं बंदियों द्वारा योग किया गया है। इस अवसर पर वीरेश चन्द्रा प्रभारी जिला जज/अपर जिला जज त्वरित न्यायालय-द्वितीय हापुड़, असगर अली सिविल जज सीनियर डिवीजन/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़,दीपक गौतम न्यायिकाधिकारी ग्राम न्यायालय धौलाना, साधना सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय हापुड़, बार एसोसिएशन हापुड़ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,पैनल अधिवक्तागण, पी0एल0वी0 एवं कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।






# अंबेडकर पार्क की दुर्दशा पर भाकियू अन्नपूर्णा ने उठाए सवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** देहपा रोड स्थित अंबेडकर पार्क की बदहाल स्थिति को लेकर भारतीय किसान यूनियन अन्नपूर्णा ने नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। संगठन के पदाधिकारियों ने पार्क का निरीक्षण कर वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि पार्क में जगह-जगह कूड़ा जमा होने और नियमित देखरेख के अभाव में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष चमन सिंह ने कहा कि अंबेडकर पार्क क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है, लेकिन इसकी साफ-सफाई और रखरखाव की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि पार्क की स्थिति सुधारे जाने के लिए कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। संगठन ने मांग की है कि पार्क में नियमित सफाई अभियान चलाया जाए और मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है तथा जल्द ही आवश्यक सफाई और सुधार कार्य कराए जाएंगे।




# चाय पर चर्चा कार्यक्रम: शहर के व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान: विजयपाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के तत्वावधान में पक्का बाग मंडी निवासी व संस्थान के जिलाध्यक्ष अरूण अग्रवाल चीनी वाले के यहां आयोजित व्यापारियों के साथ चाय पर कार्यक्रम में

**हापुड़ विधान सभा क्षेत्र में अरबों रुपये के विकास कार्य कराये**

सदर विधायक ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान संस्थान के जिलाध्यक्ष अरूण अग्रवाल चीनी वाले व सचिन जिंदल सर्राफ ने कहा कि सदर विधायक ने हापुड़ में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं। व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से समाधान के लिए प्रयासरत हैं। लोगों को उनके सामने अपनी समस्याओं को रखना चाहिए, ताकि जल्द समाधान हो सकें।




व्यापारी विजय कुमार ने कहा कि शहर में आज चारों तरफ अतिक्रमण है,जब कोतवाली के गेट पर फुटपाथ पर ही अतिक्रमण हो रखा है, तो फिर पुलिस शहर से कैसे अतिक्रमण हटवा सकती है। मयूरी वालों ने शहर की रफ्तार थाम रखी है। 50 प्रतिशत कमीशनखोरी की चक्कर में शहर के विकास कार्य भी प्रभावित हो रही है।

सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में अरबों रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर है। उनकी किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो वो उनके पास कभी भी आ सकते हैं।

इस अवसर पर सुरेश चंद संपादक,भाजपा नेता चक्रवर्ती गर्ग, कपिल एस एम,बबली,अनुज गर्ग,यशु अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष प्रशांत त्यागी,पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश प्रधान,गौशाला के अध्यक्ष सुरेश ठेकेदार,मोनू बजरंग सभासद,गुल्टू प्रधान,ललित गोयल बिट्ठू,उदय कंसल,संजीव आढ़ वाले,पुनीत सर्राफ,विनोद गुड़ वाले, विकास मंगल, जयप्रकाश मामा, मनोज मुन्ना,नितिन गुड़ वाले,शरद बैटरी वाले,पुनीत मंगल सर्राफ सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

# गौपालक मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का लाभ उठाये: सीवीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के अन्तर्गत 10 स्वदेशी नस्ल की उन्नत नस्ल की गाय की इकाई 23.60 लाख में स्थापित करने हेतु अधिकतम रू0-11.80 लाख का अनुदान

- **11.30 लाख का अनुदान दो चरणों में प्राप्त होगा**
- **योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत महिला पशुपालकों,दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित किया जायेगा**

दो चरणों में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह योजना प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में लागू है। गौपाल योजना का लाभ उठाने के लिए ऑन लाइन आवेदन करें।

सोमवार को यह जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओम प्रकाश मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इकाई की स्थापना हेतु लाभार्थी अंश 15 प्रतिशत,बैंक ऋण 35 प्रतिशत अथवा बैंक ऋण के स्थान पर यदि लाभार्थी, स्वयं के पास उपलब्ध वित्तीय संसाधन / धनराशि से इकाई स्थापना करना चाहता है। तो तत्समय लाभार्थी के बैंक खाते में धनराशि उपलब्ध होनी चाहिए। जिसके लिए लाभार्थी से न्यूनतम छःमाह का बैंक स्टेटमेंट की सत्यापित प्रति प्राप्त की जाएगी तथा इकाई लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत महिला पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित किया जायेगा। साहिवाल, गिर,एवं थारपारकर प्रजाति की 10 गाय की परियोजना की कुल अनुमानित लागत रू0 23.60 लाख होगी। गाय का क्रय प्रदेश के बाहर से यथासंभव ब्रिडिंग ट्रैक्ट से लाभार्थी द्वारा किया जायेगा। क्रय की जाने वाली गाय प्रथम या द्वितीय ब्यांत की होनी चाहिए तथा गोवंश डेढ़ माह से पूर्व ब्याये न हो। सीवीओ ने बताया कि इकाई स्थापना हेतु लगभग 0.20 एकड़ (8712 वर्ग फुट) भूमि तथा लाभार्थी से पर्याप्त हरे चारे के प्रबन्धन एवं वर्ष पर्यन्त स्थानीय स्तर पर चारा कृषकों/ आपूर्तिकताओं से अनुबन्ध के माध्यम से चारा उपलब्धता के सम्बन्ध में ऐफिडेविट प्राप्त किया जायेगा। पूर्व में संचालित कामधेनु, मिनी कामधेनु माइक्रो कामधेनु योजना अथवा नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत संचालित नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना अथवा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के लाभार्थी, इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं होगें। उन्होंने बताया कि इस योजना के सम्बन्ध में आवेदन नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल पर ऑनलाईन आमंत्रित किया जायेगा। योजना के सम्बन्ध में विवरण उक्त पोर्टल पर उपलब्ध है। योजना की अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी / पशु सेवा संस्था/उप दुग्धशाला विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विकास भवन हापुड़ के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।



# घर में घुस कर दबंगों ने बुजुर्ग को पीटा, हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** थाना क्षेत्र की औद्योगिक चौकी के गांव पिपलेहडा में स्थित ताज कालोनी में किसी बात पर दंबगों ने घर में घुस लाठी डंडो से मारपीट कर एक बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर

**लाठी डंडो से किया हमला, दी तहरीर, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

दिया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार बुजुर्ग निजामुद्दीन अपने घर में बैठे हुए थे। घर के बाहर खेल रहे बच्चों में विवाद हो गया था । जो पड़ोस के ही रहने वाले थे । इसी को मुद्दा बना दबंगों ने घर में घुस लाठी डंडो से बुजुर्ग को बुरी तरह से मारना पीटना शुरू कर दिया । उपरोक्त दबंग और मुठमर्द तथा आरोप है की ये दबंग आए दिन कालोनी में किसी ना किसी के साथ झगड़ा करते रहते हैं । जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा । पुलिस ने पीड़ित के पुत्र शमशाद की शिकायत पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज लिया है तथा आरोपियों गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है ।



# बड़ी दुर्घटना का कारण बनते जा रहे है कस्बे में सड़कों पर लगे यूनिपोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** कस्बा धौलाना के वशिष्ठ चौक

- **यूनिपोल लगा कर किया जाता है अवैध कब्जा, एफआईआर दर्ज कराने की मांग**
- **एसडीएम धौलाना ने थाना पुलिस को दिये कार्रवाई के निर्देश**
- **रातों रात चौराहे पर अवैध रुप से गाड़ दिए गए अवैध फ्लेक्सी बोर्ड**

सहित पूरे बस स्टैंड पर लगे अवैध फ्लेक्सी बोर्ड/ यूनिपोल लोगो की जान के दुश्मन बनते जा रहे है । पूर्व में आंधी में यूनिपोल गिरने से केई लोग घायल हुए थे और कई वाहन टूटू फुट गये थे । बावजूद इसके प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया । कुकुरमुत्तों की तरह हर रोज उग रहे ये कस्बे में लगे अवैध रूपी ये यूनिपोल बड़ी दुर्घटना का कारण बनेंगे ये तय है। यही नहीं शुक्रवार की रात्रि इन यूनिपोल माफियाओ ने रातों रात कस्बे के वशिष्ठ चौक पर दुकानों के सामने यूनिपोल गाड़ दिए। जिससे सड़क तो बाधित हुई ही दुकानदारों का अपनी दुकान तक पहुंचना मुश्किल हो गया । इसी तरह ये माफिया लोगों की दुकानों के सामने यूनिपोल गाड़ सड़क जाम करने के साथ साथ अवैध कब्जा कर लेते है । जिससे आम जन को बड़ी समस्या झेलनी पड़ती जी । पीड़ित दुकानदार ने धौलाना तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर अपनी दुकान के सामने से अवैध कब्जा कर सड़क बाधित कर रहे तीनों यूनिपोल हटाए जाने की मांग के साथ इन यूनिपोल माफियाओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है । वही मामले में धौलाना एसडीएम मनोज सिंह ने बताया की धौलाना पुलिस को कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया है । जल्द ही अभियान चलाकर सड़क से यूनिपोल हटाकर अवैध कब्जा हटवाया जाएगा । सड़क को कोई बाधित नहीं कर सकता ।



**संकल्प**

## योग हमारी संस्कृति स्वस्थ परम्परा का अभिन्न अंग : अवनीश शर्मा

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस क्षेत्र में हजारों लोगों ने लिया योग का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** प्रदेश सरकार प्रशासन के सबल आह्वान पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धौलाना तहसील क्षेत्र में हजारों लोगों ने कड़ाके की गर्मी की परवाह किए बिना योग किया और जीवन में योग करने का संकल्प लिया । योग दिवस को लेकर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं कई दिनों से कार्य कर रही

**उमस भरी गर्मी के बीच धौलाना में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

थी। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग योग करे और योग को अपने दैनिक व्यवहार में
अपनाएं इसके लिए कई संगठन शिविर भी चला रहे थे।

योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर योग दिवस का आयोजन कियागया। वही भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया , मंडल अध्यक्ष योगेश शिशोदिया, मंडल महामंत्री विजयशर्मा, राहुल राणा सहित समस्त भाजपाइयों द्वारा कस्बे के श्री मेघनाथ सिंह डिग्री कालेज में योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन के विशाल शिशोदिया ने कहा की योग हमारी प्राचीन विरासत है। जिसे नित्य करने से रोग व्यक्ति से कोसो दूर रहते है। इसलिए हमे योग को जीवन का अंग बनाकर नित्य योग करना चाहिए। वहीं लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा योग करने के लिए प्रेरित करना हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस मौके पर सुरेन्द्र पाल सिंह मुन्ना, पुष्पेंद्र गुर्जर, विनोद शिशोदिया, ओमपाल राणा, अमरपाल राणा ,विनीत शर्मा, विकास कुमार, देवेन्द्र सिंह, देवपाल राणा, अभिराज शर्मा, मनोज गौतम, सुरेन्द्र सिंह , अभिषेक तोमर आदि ने भी योग कर लोगो को जागरूक किया । उधर ग्राम बझेड़ा खुर्द में अधिवक्ता रामकिशन शिशोदिया ने ग्रामीणों संग योग कर उन्हें योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। धौलाना थाने में योग दिवस पर योग किया गया । इस मौके पर धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा, ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है।

योग को जीवन का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों सहित समस्त स्टाफ से प्रतिदिन योग करने की अपील की। पूर्व हापुड़ जिला अध्यक्ष उमेश राणा ने अपने गांव सिवाया में योग करते हुए कहा कि योग से व्यक्ति निरोगी होता वहाँ मन में अच्छे विचार आते है। मन यदि परेशान है योग करना चाहिए । योग का विस्तार इतना है कि पूरे विश्व में माना जा रहा है। वही धौलाना ब्लाक परिसर में धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद, सदर सचिव अनुज चौधरी, एडीओ अमित कुमार, विनोद बाबू, लोकेश शर्मा के नेतृत्व में योग किया और कराया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग रहे।





# पालिकाध्यक्ष ने स्वनिधि महोत्सव में सम्मानित किये पथ विक्रेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना से जुड़े पथ विक्रेताओं की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विभू बंसल ने लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना ने छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी संचालकों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। योजना के माध्यम से हजारों लोगों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर पथ विक्रेता समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर योजना से जुड़े लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सभासद लोकेश प्रजापति, डॉ. राजेश, सचिन पुंडीर, श्रवण तोमर तथा दीपक राबिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए योजना के महत्व पर प्रकाश डाला।



## सम्पादकीय

# बढ़ती आर्थिक चुनौतियां



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वित्त मंत्रालय के मुताबिक तीन कारणों से दुनिया नया आकार ले रही हैः महाशक्तियों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का वर्चस्व। इसके अनुरूप ढलने के लिए भारत के पास बहुत कम वक्त है।

बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आए बदलावों से तालमेल बनाने के लिए भारत के पास एक बहुत छोटी खिड़की मौजूद है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्थायी संसदीय समिति के सामने कही। बताया गया कि चीन ने अपने नए कानून के तहत वहां स्थित आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है। वहां से अपने कारखाने हटाने वाली कंपनियों को वह दंडित कर रहा है। इससे भारत में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई नीति के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस समय ये तीन परिघटनाएं दुनिया को नया आकार दे रही हैः बड़ी ताकतों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का प्रभुत्व।

मंत्रालय ने कहा कि इन परिवर्तनों पर भारत को अधिक फुतीर्ला और रणनीतिक प्रतिक्रिया दिखानी होगी। ऐसा करने के लिए देश के पास 'बहुत छोटा अवसरइ है। मंत्रालय ने कहा कि महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के तहत व्यापार, तकनीक, और वित्त का उपयोग सामान्य लाभ उठाने के बजाय रणनीतिक हितों के मुताबिक किया जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने अपने यहां से कारखाना, तकनीक, या विशेषज्ञों को दूसरे देशों में- खासकर भारत ले जाने की राह में कानूनी रुकावट खड़ी कर दी है। भारत में साझा उद्यम या देशी निवेश के तहत लगाए जा रहे कारखानों की इन मामलों में चीन पर निर्भरता रही है। स्पष्टतः ये दोनों परिघटनाएं भारत के लिए चुनौती बनकर आई हैं।

हालांकि यूरोप और अमेरिका के बीच पड़ती दरार को वित्त मंत्रालय ने भारत के लिए अवसर के रूप में देखा है, मगर इसका लाभ उठाने के लिए तुरंत खुद को तैयार करने की चुनौती उसके सामने है। मंत्रालय ने माना कि इसके लिए ज्यादा वक्त नहीं है। कहा जा सकता है कि वित्त मंत्रालय को बदल रही दुनिया का सही अहसास है। मगर, नई परिस्थितियों के मुताबिक नजरिए एवं नीतियों में जिस तरह के आमूल परिवर्तन की जरूरत है, उसकी समझ का संकेत उसने नहीं दिया है। क्या बिना घरेलू बाजार के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किए, नए बाहरी हालात का मुकाबला किया जा सकता है- यह बुनियादी सवाल है।

**कोई भी व्यक्ति आसानी से नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन हर कोई दूसरे का भला नहीं कर सकता।**

# पानी की लड़ाई में क्यों घुला जातिवाद?



डॉ. प्रियंका सौरभ

हरियाणा के हांसी क्षेत्र के चैनत गाँव में पानी की समस्या को लेकर चल रहा आंदोलन एक महत्वपूर्ण सामाजिक और प्रशासनिक प्रश्न को सामने लाता है। किसी भी नागरिक समाज में पीने के पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए लोगों को सड़क पर उतरना पड़े, यह अपने आप में शासन व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। इसलिए चैनत के ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्या को लेकर आवाज उठाना पूरी तरह न्यायसंगत और लोकतांत्रिक अधिकारों के अनुरूप है। किंतु इसी आंदोलन के दौरान कुछ ऐसी टिप्पणियाँ सामने आईं, जिनमें एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के प्रति व्यक्तिगत और जातिगत आधार पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। यह स्थिति हमें सोचने पर विवश करती है कि क्या किसी जायज मांग को मनवाने के लिए सामाजिक मयार्दा और संवैधानिक मूल्यों की सीमाएँ लांघी जा सकती हैं?

भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक अवसरों पर स्पष्ट किया है कि जीवन के अधिकार में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी शामिल है। यदि किसी गाँव में लोग पर्याप्त पानी से वंचित हैं, तो यह केवल एक स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों और प्रशासनिक उत्तरदायित्व का विषय है। ग्रामीणों की पीड़ा वास्तविक है और उसका समाधान करना सरकार तथा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जल संकट केवल असुविधा नहीं पैदा करता, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। महिलाओं और बच्चों को अक्सर पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या और अवसर प्रभावित होते हैं।

भारत जैसे देश में जल संकट की समस्या नई नहीं है। बढ़ती जनसंख्या, भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन, वर्षा के असमान वितरण, जल स्त्रोतों के संरक्षण की कमी और अव्यवस्थित शहरीकरण ने अनेक क्षेत्रों में जल संकट को गंभीर बनाया है। हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्य में यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है क्योंकि कृषि, घरेलू उपयोग और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच जल संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में यदि किसी गाँव के लोग अपनी समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, तो उनकी बात सुनना और समाधान निकालना प्रशासन का दायित्व है।

लोकतंत्र में विरोध और आंदोलन नागरिकों का वैध अधिकार है। जब जनता को लगता है कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा, तब वे ज्ञापन देते हैं, धरना-प्रदर्शन करते हैं और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक स्वस्थ प्रक्रिया है। लेकिन लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है, यह जिम्मेदारियों का भी नाम है। विरोध का अधिकार उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सामाजिक मयार्दा और पारस्परिक सम्मान बनाए रखना। यदि आंदोलन के दौरान भाषा की गरिमा समाप्त हो जाए और व्यक्तिगत या जातिगत टिप्पणियाँ होने लगें, तो आंदोलन का नैतिक आधार कमजोर पड़ जाता है।

किसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि या सार्वजनिक व्यक्ति की आलोचना करना लोकतंत्र का हिस्सा है। लेकिन आलोचना का आधार उसके निर्णय, कार्यशैली और नीतियाँ होनी चाहिए। जब




आलोचना व्यक्ति की जाति, पहनावे, भाषा या सामाजिक पृष्ठभूमि पर केंद्रित हो जाती है, तब वह लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाती, बल्कि पूर्वाग्रह और भेदभाव का रूप ले लेती है। यह स्थिति न केवल संबंधित व्यक्ति को आहत करती है, बल्कि समाज में विभाजन और अविश्वास को भी बढ़ावा देती है।

भारतीय संविधान की मूल भावना समानता पर आधारित है। संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहाँ किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति, धर्म, भाषा या जन्म के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी योग्यता और कर्म के आधार पर किया जाए। इसी उद्देश्य से संविधान में समानता का अधिकार दिया गया तथा अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए। इसके बावजूद आज भी समाज के अनेक हिस्सों में जातिगत सोच और पूर्वाग्रह मौजूद हैं। जब किसी अधिकारी या व्यक्ति के बारे में उसकी जाति के आधार पर टिप्पणी की जाती है, तो यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं होता, बल्कि संविधान की मूल भावना का भी अनादर होता है।

यह समझना आवश्यक है कि किसी भी प्रशासनिक पद तक पहुँचने के पीछे वर्षों का कठिन परिश्रम और संघर्ष होता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा या अन्य उच्च पदों पर चयनित होने वाले अधिकारी लंबी प्रतियोगी प्रक्रिया से गुजरते हैं। वे कठिन परीक्षाएँ उत्तीर्ण करते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और सार्वजनिक सेवा के लिए स्वयं को तैयार करते हैं। इसलिए किसी अधिकारी का मूल्यांकन उसके सामाजिक या जातिगत परिचय से नहीं, बल्कि उसके कार्य और प्रदर्शन से होना चाहिए।

सार्वजनिक जीवन में गरिमा का महत्व अत्यंत बड़ा है। यदि समाज में यह प्रवृत्ति बढ़ने लगे कि किसी व्यक्ति की आलोचना उसके जन्मगत आधारों पर की जाए, तो इससे लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में योग्य और प्रतिभाशाली लोग भी सार्वजनिक जीवन में आने से हिचक सकते हैं। इससे प्रशासनिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास भी कमजोर पड़ सकता है।

यह भी उतना ही सत्य है कि प्रशासन को जनता की भावनाओं और समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। कई बार समस्याओं के समाधान में देरी या संवाद की कमी के कारण लोगों में असंतोष बढ़ता है। इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी केवल आदेश जारी करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उसे लोगों से संवाद स्थापित करना चाहिए, उनकी शिकायतों को सुनना चाहिए और समाधान की दिशा में पारदर्शी प्रयास करने चाहिए। यदि ग्रामीणों को यह महसूस होगा कि उनकी बात सुनी जा रही है और समाधान के लिए ईमानदार प्रयास हो रहे हैं, तो तनाव और टकराव की स्थिति भी कम होगी।

चैनत के मामले में भी आवश्यक है कि प्रशासन और ग्रामीण आमने-सामने खड़े होने के बजाय संवाद की प्रक्रिया को मजबूत करें। जल संकट जैसी समस्या का समाधान केवल आरोप-प्रत्यारोप से नहीं निकल सकता। इसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति, तकनीकी योजना और सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता है। तत्काल राहत के रूप में जल टैंकरों की व्यवस्था, अतिरिक्त जल आपूर्ति और अस्थायी समाधान किए जा सकते हैं। लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार, जल भंडारण क्षमता में वृद्धि और भूजल पुनर्भरण जैसे उपाय आवश्यक हैं।

## आत्मा जब आत्मा को छू ले

रिश्ते वे नहीं,
जो जन्म के साथ मिलते,
रिश्ते तो वे
जो आत्मा की मिट्टी में
चुपचाप उग आते ।

रक्त का बंधन से गहरा
मन का स्पर्श,
शब्दों की कमी में
वहाँ मौन ही परिचय।

लोग जीवन में
ऋतु की तरह आते
कुछ
साँसों की तरह बस जाते ।
बिना कहे जो दर्द पढ़ लें,
बिना माँगे हौसला धर दें,
वही आत्मीयता के दीप
अँधेरों में भी उजाला कर दें।
रिश्ते नाम से नहीं,
निभाने से पहचाने जाते
वे ईश्वर की देन भर नहीं,
मनुष्य के प्रेम से भी रचे जाते ।
आत्मा जब आत्मा को छू ले,
संबंधों का सत्य जन्म लेता
वही अंतरंग रिश्ता,
जीवन को सबसे सुंदर
आशीर्वाद बना देता ।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# संतोष से दूर, संकट के निकट : परिवार की बदलती कहानी



प्रो. आरके जैन अरिजीत

जब संबंधों की जड़ें स्वार्थ की धूप में सूखने लगती हैं, तब सभ्यताओं का मौन पतन शुरू हो जाता है। भारतीय समाज उसी क्षरण से गुजर रहा है, जहाँ दिगंबर जैन दर्शन का गृहस्थ-धर्म–संतुलन, संयम और सांस्कृतिक दृढ़ता का प्रतीक–मोह, लोभ और भोग में गल रहा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019झ21) की वास्तविकता चुभती है– शहरी भारत में एकल परिवार 70% तक पहुँचकर संयुक्त परिवारों का स्थान ले रहे हैं, और महानगरों में 30झ40% तलाक दर रिश्तों की घटती आत्मीयता दशार्ती है। उपभोक्तावाद, सोशल मीडिया और व्यक्तिवादी सोच ने संयम व संतोष को विस्थापित कर दिया है, जिससे युवा सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जड़ों से कटकर क्षणिक सुखों की दौड़ में खो रहे हैं। दिगंबर दृष्टि में यह परिग्रह की मूर्छा है, जो आत्मा को शुद्ध स्वरूप से दूर करती है। यह केवल सामाजिक विघटन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पतन है, जिसका उपचार अपरिग्रह, अहिंसा और सम्यक चारित्र में निहित है।

**बिगड़ती संस्कृति और बिखरते परिवारों के कारण**

जब घरों में संवाद की जगह चुप्पियाँ बोलने लगें और अपनापन यंत्रों की चमक में धुंधला जाए, तब परिवार बिखरने लगता है। शहरों की ओर भागती ज़िंदगी ने संयुक्त परिवारों को कमजोर किया है, और व्यस्तता ने बच्चों की भावनात्मक निकटता छीन ली है। मोबाइल और इंटरनेट ने लोगों को एक ही छत के नीचे अलग-अलग दुनिया में बाँट दिया है। पीढ़ियों का अंतर, आर्थिक दबाव, नशे की प्रवृत्ति और नैतिक गिरावट रिश्तों की नींव कमजोर कर रहे हैं। जब जीवन का केंद्र धन और सुख बन जाता है, तब रिश्ते उपयोग और बोझ बन जाते हैं।

जैन दर्शन इसे आसक्ति और कर्म-बंधन की जकड़न मानता है, जहाँ आत्मा विकारों से ढक जाती है। मन की कटुता (भाव-हिंसा) घरों को मौन टकराव और टूटन की ओर ले जाती है।

**जैन दर्शन में समाधान का मार्ग**

**संयम की संजीवनी**

जब भीतर का संतुलन टूटने लगे और संबंधों की डोर ढीली पड़ जाए, तब जैन दर्शन जीवन को दिशा देता है। ह्लअहिंसा परमो धर्मः केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि चेतना को निर्मल करने वाली जीवन-धारा है, जो मन, वचन और कर्म से किसी जीव को कष्ट न देने का संकल्प कराती है।

जहाँ परिवारों में करुणा, क्षमा और समभाव बने रहते हैं, वहाँ विघटन की गुंजाइश नहीं रहती। इसके विपरीत, भोग-लालसा और कामुक प्रवृत्तियाँ रिश्तों की पवित्रता क्षीण करती हैं। जैन गृहस्थ परंपरा में ब्रह्मचर्य को एकपत्नीत्व और इंद्रिय-संयम के रूप में माना गया है, जो विश्वास, मयार्दा और स्थायित्व का आधार बनता है। जब मनुष्य इंद्रियों पर संयम साध लेता है, तब परिवार बाहरी आकर्षणों से मुक्त होकर सुदृढ़ बन जाता है।

**इच्छाओं का निर्वाण**

जब मेरा और मेरा ही की पकड़ जीवन पर हावी होने लगे, तब जैन दर्शन का अपरिग्रह इच्छाओं के बंधन को विलीन करने वाली जागृति बन जाता है। यह त्याग नहीं, बल्कि वह स्थिति है जहाँ संतोष जीवन का आधार बनता है। अनियंत्रित संचय लालच, ईर्ष्या और तुलना को जन्म देकर परिवारों में तनाव और दूरी बढ़ाता है। तीर्थंकरों का संदेश है कि अनावश्यक संग्रह सबसे भारी बंधन है। आज जीवन दिखावे और और चाहिए की दौड़ में फँसकर संबंधों के लिए समय व संवेदना खो रहा है।

अपरिग्रह इच्छाओं को सीमित कर संतोष जगाता है, व्यर्थ खर्च घटाता है और घरों में शांति लाता है। साथ ही, यह प्रकृति पर दबाव कम कर संतुलित सह-अस्तित्व को बढ़ावा देता है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – कोई जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी, अस्पताल के चक्कर लग सकते हैं, नौकरी में बिगड़ी स्थिति को सम्भालना पड़ेगा, वोकेशनल कोर्स, डेंटिस्ट, बीमा क्षेत्र में सफलता मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-53

**वृषभ** – क्रोध उत्तेजना पर काबु बिजली विभाग में है तो भागदौड़ बढ़ेगी, जिम, स्पोर्ट्स खेलने जा सकते हैं, प्रोप्टी सम्बन्धित कार्य में लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-63

**मिथुन** – घर में पानी, सीवरेज की समस्या आ सकती हैं, मेटरनीटी होम के चक्कर लग सकते हैं, शुभ समाचार मिलेगा, फल, सब्जी, दालों के विक्रेता को लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-66

**कर्क** – किसी से बातचीत करने से मन शांत होगा, यात्रा भी कर सकते हैं, खर्चे बढ़ेंगे इसलिए हिसाब लगा कर रखे, वैवाहिक जीवन में सावधानी रखें। भाग्य प्रतिशत-56

**सिंह** – शोध कार्य में उन्नति मिलेगी, दवा कम्पनी, खेल सामान, अन्य मैन्यूफेक्चरिंग यूनिट है तो उसमें सरकारी कार्यवाही सम्भव हैं सावधानी बरतें, भक्ति भी करेंगे। भाग्य प्रतिशत-57

**कन्या** – अपने काम में बुद्धिमानी और स्किल के कारण सफलता मिलेगी, सीनियर किसी विशेष कार्य की जिम्मेदारी दे सकते हैं, बैंकिंग, लाफ्टर शो, मार्केटिंग कार्य में व्यस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-74

**तुला** – पिता की ओर से लाभ होगा, एमबीए शिक्षा के लिए कोलिज देखेंगे, कम्पनी टूर पर भेज सकती है, कोई ईच्छा भी पूरी हो जाएगी ईश्वर का धन्यवाद देंगे। भाग्य प्रतिशत-64

**वृश्चिक** – पैसे की जरुरत थी तो मिल जाएंगे काम पूरा कर सकेंगे, नेटवर्क मार्केटिंग, डिजिटल कार्य, सुविधा केन्द्र, स्वास्थ्य बीमा कार्य चलेगा, राजनीति में कद बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-71

**धनु** – काम में तेजी आएगी, पत्रकारिता,राजनीति, शिक्षा, अर्थशास्त्र, कॉमर्स क्षेत्र में उन्नति करेंगे, आईपीएस, पुलिस किसी चुनौती से निपटेंगे। भाग्य प्रतिशत-78

**मकर** – कई जगह इंटरव्यू दे सकते हैं उसमें से बेहतर चुनेंगे, स्टॉक मार्केट, रियल स्टेट, ग्राफिक डिजाइन, लोन विभाग क्षेत्र में प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-72

**कुंभ** – पैसे का हिसाब किताब रखेंगे, कहीं खर्च करने का अवसर आने वाला है, गाड़ी, फ्लेट की बुकिंग कर सकते हैं, संतान की उन्नति से खुश रहेंगे।भाग्य प्रतिशत-79

**मीन** – मानसिकता अच्छी रहेगी, नया काम भी मिलेगा, पब्लिक डील से फायदा होगा, कमीशन कार्य से फायदा होगा, रिश्ता देखने वाले आ सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# भुखमरी के खिलाफ आखिर कब जंग जीतेगी दुनिया?

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। वैज्ञानिक तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इससे न केवल किसान समृद्ध हो रहे हैं, बल्कि देश भी आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। किंतु यह विडंबना ही है कि खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि के बावजूद आज भी दुनिया के कई देशों में लोग भयावह भुखमरी के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक व्यथित कर देती है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार आधा दर्जन देशों में भुखमरी की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों को एक समय का शुद्ध और पौष्टिक भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। विश्व के लगभग 50 देशों में करीब 30 करोड़ लोगों को एक वक्त का भोजन भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है और वे अक्सर खाली पेट रात गुजारने को विवश रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार दुनिया की लगभग 8.5 प्रतिशत आबादी, अर्थात करीब 70 करोड़ लोगों को भरपेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता, जिसके कारण कुपोषण की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। दुनिया के अधिकांश देश विकसित, विकासशील और प्रगतिशील राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होने की होड़ में लगे हुए हैं, लेकिन उनके भीतर युद्ध, अकाल, सूखा, अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और कमजोर खाद्य वितरण प्रणाली जैसी समस्याओं के कारण गरीबी, भुखमरी और कुपोषण लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत की स्थिति का आकलन भी वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2025 की रिपोर्ट से किया जा सकता है, जिसमें 123 देशों में भारत का स्थान 102वां



अरविंद रावल

बताया गया है। यह स्थिति दशार्ती है कि देश में आज भी करोड़ों लोगों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भारत कृषि प्रधान देश है और कृषि को उसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का भोजन से वंचित रहना चिंता और आत्ममंथन का विषय है। केंद्र और राज्य सरकारें गरीब एवं वंचित वर्गों के लिए अनेक खाद्यान्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लाखों-करोड़ों जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, फिर भी यदि भुखमरी और कुपोषण की समस्या बनी हुई है तो कहीं न कहीं खाद्यान्न वितरण प्रणाली में मौजूद कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। साथ ही समाज और नागरिकों को भी भोजन तथा अन्न की बबार्दी रोकने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। भोजन की बबार्दी के मामले में भारत विश्व के अग्रणी देशों में गिना जाता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में हर वर्ष 8 करोड़ टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रबंधन के साथ इस बबार्दी को रोका जाए तो देश में कुपोषण और भुखमरी की स्थिति में काफी हद तक सुधार संभव है।

विश्व से भुखमरी समाप्त करने के लिए वैश्विक महाशक्तियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी अपने आर्थिक और सामरिक हितों से ऊपर उठकर सोचना होगा। हथियारों के सौदों पर अरबों-खरबों डॉलर खर्च करने के बजाय विश्व शांति और खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जिन देशों में भुखमरी के हालात गंभीर हैं, वहां मानवीय आधार पर खाद्यान्न और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें बदहाली से उबारने का प्रयास किया जाना चाहिए। मानव जाति का यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि एक ओर दुनियाभर की सरकारें सुरक्षा और शांति के नाम पर हथियारों के विशाल भंडार तैयार कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर युद्ध और संघर्षों के कारण पर्यावरण, जलवायु और प्राकृतिक संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। परिणामस्वरूप कहीं अकाल, कहीं सूखा, कहीं बाढ़ और कहीं अन्य प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जो अंततः भुखमरी की समस्या को और अधिक गंभीर बना रही हैं। दुनिया के देश हथियारों के बल पर सीमाओं की जंग तो जीत सकते हैं, लेकिन अपने ही नागरिकों के पेट की भूख के खिलाफ लड़ाई आखिर कब जीतेंगे? यह प्रश्न आज समूचे विश्व के सामने एक यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। जब तक दुनिया की प्राथमिकताओं में मानव जीवन, खाद्य सुरक्षा और मानवीय संवेदनाएं सर्वोच्च स्थान प्राप्त नहीं करेंगी, तब तक भुखमरी के खिलाफ यह जंग अधूरी ही रहेगी।

# महिलाओं ने पुस्तक भेंट कर एसडीएम का किया "भव्य स्वागत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिहार आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को पहुंचने पर उपजिलाधिकारी स्निग्धा चतुर्वेदी का प्रधानाचार्य एवं अन्य महिलाओं ने भव्य स्वागत किया गया ' एसडीम यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची थी महिलाओं ने उनको धार्मिक पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया' इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंजना शर्मा, समाजसेवी अनुजा शर्मा, सुनीता शर्मा, माया बिश्नोई आदि महिलाएं मौजूद थी ।



# पिलखुवा की बेटी प्रस्तुति शर्मा ने नागालैंड में रोशन किया शहर का नाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** जनपद के पिलखुवा मंडी की प्रतिभाशाली बेटी प्रस्तुति शर्मा ने नागालैंड में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर अपने शहर और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। प्रस्तुति शर्मा हिंदी अकादमी, दिल्ली के पूर्व उपसचिव एवं आकाशवाणी उद्घोषक ऋषि कुमार शर्मा की पुत्री तथा सुप्रसिद्ध समाजसेवी मनोज कुमार शर्मा 'जॉनीइ की भतीजी हैं।

प्रस्तुति शर्मा को भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नागालैंड के सभी 17 जिलों में कार्य करने का दायित्व सौंपा गया है। वह पिछले तीन महीनों से नागालैंड के शिक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय स्थापित कर इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। गत 19 जून को कोहिमा स्थित राज्य सचिवालय के सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रस्तुति शर्मा और उनकी टीम ने लगभग 300 अधिकारियों, शिक्षाविदों, पत्रकारों, शोधार्थियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न आयामों और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नागालैंड सरकार में स्कूल शिक्षा एवं एससीईआरटी के सलाहकार डॉ. केखिलहोलिये यहोमे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से नागालैंड को देश की मुख्यधारा से और अधिक सशक्त रूप से जोडने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने राज्य में इस नीति को शीघ्र लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रस्तुति शर्मा और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें बधाई दी।




प्रस्तुति शर्मा प्रारम्भ से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। इसके उपरांत उन्हें चीन में शोध कार्य के लिए एक वर्ष की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। शोध कार्य पूर्ण करने के बाद उन्हें असम सरकार के शिक्षा विभाग में सलाहकार के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए नागालैंड सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रस्तुति शर्मा और उनकी टीम को विशेष रूप से सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। कोहिमा में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। पिलखुवा की बेटी की इस उपलब्धि से पूरे नगर में हर्ष और गर्व का वातावरण है। उनके परिजन, मित्र, शुभचिंतक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक प्रस्तुति शर्मा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं तथा इसे नगर के लिए गौरव का विषय मान रहे हैं।

# अंकुश ताइक्वांडो क्लब में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, खिलाड़ियों ने किया योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मयूर विहार स्थित अंकुश ताइक्वांडो क्लब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर करीब 50 खिलाड़ियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

क्लब के कोच अंकुश राणा ने खिलाड़ियों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करना रहा। अंत में सभी खिलाड़ियों को योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



# हसनैन करीमैन जन्नती जवानों के सरदार हैं : लियाकत हुसैन नेईमी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर के मौहल्ला नूरूल्ला स्थित सिद्दीक-ए-अकबर मस्जिद में गुलामाने सिद्दीक-ए-अकबर की जानिब से जारी दस रोजा

### कुन्दरकी में पैगाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस की छठी शब, उलमा ने बयान की इमाम हसन-हुसैन की अजमत

सालाना पैगाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस की छठी शब इमाम हसन-हुसैन अलैहिमस्सलाम की फजीलत के नाम रही। महफि ल का आगाज कुरआन-ए-पाक की तिलावत से मौलाना गय्यूर अहमद आफाकी ने किया और इमाम हुसैन की शान में पुरसोज कलाम पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। महफि ल का खिताब करते हुए मौलाना लियाकत हुसैन नईमी ने हदीस-ए-पाक सुनाई । उन्होंने फरमाया कि हदीस है कि आका ने फरमाया है कि जिसने हसनैन से मुहब्बत की उसने मुझसे मुहब्बत की । जिसने इनसे दुश्मनी की उसने मुझसे दुश्मनी की। हसनैन करीमैन जन्नती जवानों के सरदार हैं और ये जन्नती फूल हैं, नबी-ए-पाक इन्हें सूंघा करते थे। उन्होंने कहा – ह्लक्या बात रजा उस चमनिस्ताने करम की, जेहरा हैं कली जिसमें हुसैन और हसन फूल। आखिर में सलातो-सलाम के बाद मुल्क-व-मिल्लत की खुशहाली, अमन और भाईचारे के लिए खुसूसी दुआ कराई गई। इस मौके पर मौलाना अरकान रजा, हाफि ज अब्दुल्लाह, शेख तौफीक अत्तारी, अबरार हुसैन अत्तारी, हाफि ज तहजीब रजा, मुहम्मद इन्तजार रजवी, इरफान खान, बिलाल रजा समेत बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।



# क्षतिग्रस्त वादकारी भवन के पुनर्निर्माण की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** तहसील परिसर स्थित क्षतिग्रस्त वादकारी भवन को ध्वस्त कर उसके स्थान पर नए अधिवक्ता चैंबरों के निर्माण की मांग को लेकर मोदीनगर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड राकेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एंड अजीत कुमार, सह सचिव एड अरुण भारद्वाज एवं वीरेंद्र एडवोकेट ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने बताया कि तहसील परिसर में स्थित वादकारी भवन काफी समय से क्षतिग्रस्त है और पूर्व में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा उसे सील भी किया जा चुका है। प्रतिनिधिमंडल ने भवन को ध्वस्त कर नए अधिवक्ताओं के लिए चैंबर निर्माण हेतु आवश्यक एस्टीमेट एवं आगणन तैयार कराने की मांग की। इस पर अधिकारियों ने शीघ्र ही क्षतिग्रस्त भवन का निरीक्षण कर उसे ध्वस्त कराने तथा निर्माण संबंधी प्रस्ताव तैयार कर संबंधित स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया।



बार पदाधिकारियों ने कहा कि जर्जर भवन के कारण अधिवक्ताओं एवं वादकारियों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। नए भवन के निर्माण से न केवल संभावित दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त होगी, बल्कि नव अधिवक्ताओं को भी नियमानुसार चैंबर आवंटित किए जा सकेंगे। इस दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का सहयोग रहा।

# मासूम 6बर्षीय बच्ची से दरिंदगी करने वाला, पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** मासूम बच्ची से दरिंदगी करने वाला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पुलिस ने लंगड़ा करके न्याय का दिया परिचय। पूरा मामला थाना बबराला क्षेत्र का है जहां पुलिस और एक शातिर अपराधी के बीच देर रात भीषण मुठभेड़

### 34 बर्षीय आरोपी को अपनी करनी का मिला फल, पुलिस ने किया लंगड़ा

हुई,चेकिंग के दौरान हुई इस क्रॉस फायरिंग में पुलिस ने 6 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के वांछित और फरार आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। इस मुठभेड़ में एक पुलिस आरक्षी और आरोपी दोनों के घायल होने की खबर है।

पूरी घटना की बात करें तो, संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में थाना बबराला पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी साल दौरान बबराला से रजपुरा को जाने वाली सड़क पर, ग्राम नगरिया काजी के पास पुलिस ने जब एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी।

अपराधी की तरफ से हुई इस गोलीबारी में पुलिस टीम के आरक्षी भोलू घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी संदीप के पैर में गोली लगी और वह वहीं ढेर हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी गुन्नौर भेजा है। पकड़े गए आरोपी का नाम संदीप, पुत्र हरस्वरुप है, जिसकी उम्र करीब 34 वर्ष है और वह ग्राम पंवारी, थाना बबराला का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी संदीप के खिलाफ बीते 18 जून 2026 को एक 06 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।





थाना बबराला पर पंजीकृत इस मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था और वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी बबराला नितेश सहरावत और उनकी टीम की इस त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर अपराधियों में कानून का खौफ पैदा किया है। पुलिस अब आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# वर्णिका अग्रवाल ने सीए परीक्षा में लहराया परचम, जिले का बढ़ाया मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर के शिवपुरी निवासी समाजसेवी विजय अग्रवाल की पोती वर्णिका अग्रवाल ने सीए परीक्षा में परचम लहराते हुए परिवार,जिले व शहर का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और शहर में खुशी का माहौल है।



जानकारी के अनुसार हापुड़ की शिवपुरी निवासी विजय अग्रवाल की पोती व रूचि अग्रवाल व अजय अग्रवाल की बेटी वर्णिका अग्रवाल ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर सीए की कठिन परीक्षा पास की है। उनकी सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों और मित्रों ने बधाई दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्णिका की कामयाबी जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

वर्णिका की बड़ी बहन डा वंशिका अग्रवाल व भाई सीए विभू अग्रवाल हैं। वर्णिका ने अपनी सफलता का श्रेय दादा दादी,माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर लगातार मेहनत करने से हर सपना पूरा किया जा सकता है। हापुड़ वासियों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# ज्ञापन सौंपकर लगाया विधायक निधि के दुरुपयोग का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** टीम शक्ति अन्याय निवारण ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दीपा त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा विधायक निधि के कथित दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित किया गया है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विधायक निधि से एक निजी शिक्षण संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुश्ती एवं कबड्डी मैट उपलब्ध कराए गए। जबकि विधायक निधि का उपयोग केवल सार्वजनिक हित एवं स्थायी सार्वजनिक परिसंपत्तियों के निर्माण और विकास कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। संस्था का दावा है कि इस प्रकार निजी संस्थान को लाभ पहुंचाना नियमों के विपरीत है। डॉ दीपा त्यागी ने ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अभी भी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। ऐसे में विधायक निधि का उपयोग सार्वजनिक संस्थानों के विकास पर किया जाना अधिक आवश्यक था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में सरकारी धन के उपयोग को लेकर नियमों की अनदेखी की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। डॉ दीपा त्यागी के साथ ज्ञापन सौंपने वालों में आदित्य शर्मा, अभिषेक खन्ना, मोहित चौधरी, रवि राघव, सुरेंद्र रावत, पवन खुराना आदि शामिल थे।



### क्षेत्र के खिलाड़ियों के हितार्थ खरीदे गए हैं मैट्सः डॉ मंजू शिवाच

इस बाबत मालूम करने पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि क्षेत्र के कबड्डी एवं कुश्ती खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी और कुश्ती मैट्स खरीदे गए हैं। उन्होंने बताया कि इन मैट्स को सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध न होने के कारण एक शिक्षण संस्थान में सुरक्षित रखा गया है। उनका कहना है कि क्षेत्र का कोई भी खिलाड़ी अपने कोच के साथ वहां जाकर अभ्यास कर सकता है। साथ ही क्षेत्र में होने वाली जिला अथवा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजक आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर इन मैट्स का उपयोग कर सकते हैं तथा आयोजन के बाद उन्हें वापस जमा कर सकते हैं। डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि मेरी सदैव कोशिश रही है कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय खेल संसाधन उपलब्ध हों और उन्हें अभ्यास के लिए बाहर न जाना पड़े।



डॉ मंजू शिवाच

आयोजन

## किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष किसान समाधान शिविर आयोजित किये जाये

# फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए: पवन हूण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष पवन हूण के नेतृत्व में जनपद के किसान अपनी 15 सूत्रीय ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी कविता मीना के नाम डिप्टी कलेक्टर शुभम श्रीवास्तव को सौंपा।

### डीएम के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा 15 सूत्रीय मांग पत्र

भाकियू पदाधिकारियों व किसानों ने कहा कि प्रदेश का किसान आज खेती की बढ़ती लागत, नकली कृषि सामग्री, प्रशासनिक जटिलताओं एवं योजनाओं के सही लाभ से वंचित होने के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। अतः किसानों निम्नलिखित मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाये।

उन्होंने कहा कि अंश निर्धारण (विरासत/बंटवारा) के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा किसानों को अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाई जाए। फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए तथा सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी तत्काल बनाई जाए। डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कालाबाजारी, ओवररेटिंग और कृत्रिम कमी उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने,नकली कीटनाशक, नकली बीज एवं मिलावटी उर्वरकों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा दोषी कंपनियों, विक्रेताओं एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई कराने,खराब एवं फेल बीजों से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा बीज वितरण की संपूर्ण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराने,सभी फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए एमएसपी पर सरकारी खरीद की गारंटी दी देने, फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाया जाए तथा प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, सूखा, कीट एवं रोगों से हुई फसल क्षति का मुआवजा शीघ्र दिलाने, आवारा एवं निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, जिससे किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान पर रोक लगाने, नहरों, रजवाहों एवं ट्यूबवेलों से पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तथा खराब पड़े सरकारी नलकूपों को तत्काल चालू कराने,कृषि विद्युत आपूर्ति नियमित एवं पर्याप्त की जाए तथा कृषि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने,गन्ना किसानों का बकाया भुगतान ब्याज सहित तत्काल कराया जाए तथा समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने किसानों को कृषि यंत्रों, बीज एवं कृषि योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव एवं बिना भ्रष्टाचार के उपलब्ध कराने, तहसील एवं जिला स्तर पर किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष किसान समाधान शिविर आयोजित कराने,भूमि संबंधी विवाद, खतौनी संशोधन, पैमाइश, नामांतरण एवं अन्य राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण कराने,प्रत्येक जनपद में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं बीज भंडारों की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच कर अनियमितताओं पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर राधे लाल त्यागी,अमरेश कुमार,अजय त्यागी, रूपराम सिंह,यशवीर नागर,रविन्द्र भाटी, कुलदीप सहरावत,गोलू गुर्जर,नरेश तोमर, अशोक कुमार राना,बबलू प्रधान,रविश गुर्जर आदि मौजूद रहे।



# पुलिस उपाधीक्षकों को भावभीनी विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में तैनात पुलिस उपाधीक्षक वरुण मिश्र के जनपद मथुरा तथा पुलिस उपाधीक्षक स्तुति सिंह के जनपद संभल स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की तथा उनके उज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।



# डीएम ने सदर तहसील अमरोहा कार्यालय और नवनिर्मित तहसील भवन का औचक निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा ( डा.महताब अमरोहवी )।** सोमवार को जिलाधिकारी ने सदर तहसील अमरोहा कार्यालय और नवनिर्मित तहसील भवन का औचक निरीक्षण किया। न्यायालय उपजिलाधिकारी एवं कार्यालय, न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यालय, संग्रह अनुभाग, नजारत अनुभाग, कार्यालय राजस्व निरीक्षक, पूर्ति कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय और विनियमित क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण किया। डॉ0 नितिन गौड़ ने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, नाजिर देरी से आए थे, बताया गया कि नाजिर अक्सर देरी से कार्यालय आते हैं, इस पर डीएम ने स्पष्टीकरण जारी करने के साथ वेतन रोकने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए नाजिर को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। लम्बित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए पुराने वादों में शीघ्रता से तिथि नियत कर गुण-दोष के आधार पर निस्तारण कराये तथा यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि वादों का निस्तारण समय अन्तर्गत हो। इसके साथ जो आदेश हो गए हैं, उन्हें लागू कराया जाय।भूलेख अभिलेखागार में निरीक्षण के समय अभिलेखों का रख-रखाव पर निर्देशित किया गया कि वह अभिलेखों का रख-रखाव उचित प्रकार से कराये।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तहसील में सभी न्यायालयों में लंबित वादों को कम से कमतर किया जाए और तहसील आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।संग्रह अनुभाग में अमीन वार आरसी वसूली की जानकारी प्राप्त की और ऐसे बडे बकायेदार जो वसूली जमा नहीं कर रहे और नोटिस का समय भी पूरा हो चुका है, उनकी संपत्ति कुर्क कर नीलाम की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी राजस्व वादों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा एवं दायरे के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता देकर शीघ्रता से निपटारा किया जाए ,इस अवसर पर तहसील में आए शिकायतकर्ताओं से बात कर उनकी समस्याओं को जानते हुए शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश तहसीलदार को दिए। उन्होंने जीपीएफ पासबुक देखते हुए अपडेट रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता,तहसीलदार सहित संबंधित उपस्थित रहे।





# राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन, भरत तिवारी हत्याकांड की जांच की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ( मयंक सक्सेना ) ।** ब्राह्मण शक्ति संघ एवं ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने बिहार के आरा में भरत तिवारी की हत्या के मामले में न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में प्रशासन की ओर से अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई दे रही है।

ज्ञापन में हत्याकांड की समयबद्ध एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। साथ ही मृतक के आश्रितों को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान मुकेश गौड़, विवेक शर्मा गुमथल, विकास मिश्रा, राजीव मिश्रा, रवि शंखधार, प्रमोद शर्मा, अविरल शर्मा, सचिन शर्मा, विनीत शर्मा, अभिषेक पाराशरी, उमाकांत शर्मा, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, निशांत शर्मा, निखिल शर्मा, गौरवकांत शर्मा, द्विजेंद्र गौड़, कमल शर्मा, सतीश शर्मा, विभोर भारद्वाज, यश शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# हजरत औनों मुहम्मद के शबीहे ताबूत निकले, मोहर्रम की छह तारीख से मजलिस और शहादत नामों की महफिल का सिलसिला तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ( एम.के.भारती सैफी )।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम मे मोहर्रम की छह तारीख से मजलिस ओर शहादत नामों की महफिल का सिलसिला तेज हो गया । शिया समुदाए मे हजरत इमाम हुसैन के भांजे हजरत औनों ओर हजरत मुहम्मद की शहादत के गम मे शबीहे ताबूत हाय हुसैन हाय औनों मुहम्मद की सादाओ के साथ निकले । नगर स्थित इमामबाड़ा हजरत अबूतालिब मे हजरत औनों मुहम्मद की शहादत के गम मे मजलिस हुई जिसमे कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा ओर मजलिस को खिताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी ने कहा कि हजरत रसूल ए करीम ने अपने अहलेबैत से मुहब्बत करने का हुक्म दिया था लेकिन कर्बला मे कलमा पढ़ने वाले ही मुसलमानों ने नारे तकबीर के साथ हजरत इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया । उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम ओर इंसानियत को बचाने के लिए कुबार्नी पेश की है ओर आज जिसके अंदर इंसानियत है वह हजरत इमाम हुसैन की शहादत का गम अपने अकीदे के साथ मना रहा है ।



# हजरत इमाम हुसैन ने कभी भी जुल्म के आगे सर नही झुकाया : मौलाना सैय्यद शहवार हुसैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**( मौहम्मद अब्बास )।** जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव सांखनी में माहे मोहर्रम की अजादारी का सिलसिला जारी है । घरों में महिलाएं इमाम हुसैन और उनके साथ शहीद हुए लोगों पर गिरया ओ मातम कर रही हैं।

दरगाह शाह ए नजफ दरगाह बाबुल मुराद दरगाह बाब ए जहरा और दरगाह बैतुल मुराद हुसैनिया में भी मजलिस ओ मातम किया जा रहा है सोमवार को सांखनी में मोहर्रम की 6 तारीख को अंजुमन आले अतहर के जेरे निगरानी दरगाहे बाबुल मुराद से शहजादा हजरत अली अकबर इब्ने हजरत इमाम हुसैन का ताबूत बरामद हुआ जिसमें बड़ी तादात में सोगवारानों ने नोहेख्वानी और मातमदारी बरपा की जूलूस में नोहेख्वानी वसीम रियाज, हसन अब्बास, सरदार अली, आजाद नाज़िम, व साहिल अब्बास,और समर अब्बास ने की।

ताबूत निकलने से पहले दरगाहे शाहे नजफ में मजलिस का एहतमाम किया गया मजलिस में सोजख्वानी तसव्वुर अब्बास और कल्बे हसन वा हमनवा ने करी और पेशख्वानी को फज्र मिर्जा फज्र और मोहम्मद मेहदी ने अंजाम दिया मजलिस को मौलाना सैय्यद शहवार हुसैन ने खिताब फरमाया मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र किया उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन ने कभी भी जुल्म के आगे सर नही झुकाया इमाम हुसैन ने यजीद से कहा कि मुझ जैसा तेरे जैसे कि कभी बैअत नही कर सकता में अपने नाना का दीन बचाने आया हूँ मौलाना ने लोगों से प्यार मोहब्बत के साथ रहने की अपील की जुलूस में अंजुमन आले अतहर के सदर आजाद अली,हाजी जरगाम अली,हाजी शेर अली,मास्टर बशारत अली, बाबू भाई,मास्टर सादिक अली, सिब्ते हसन,जरगाम अली, आबाद अली,हसन अब्बास, मुनाजिर बल्लू,शजर,शब्बर, मीसम,रज्जू भाई, रोजे अली , मंजर अब्बास, हसन बाबू,अली कामरान,वसीम अब्बास, चांद मोहम्मद,गाजी अब्बास,गय्युर अब्बास,मौहम्मद असद, अली हाशिम,आदि मौजूद रहे।



# नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा।** नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया` छात्रों द्वारा योग प्रदर्शन किया गया `इस अवसर पर मुख्य अनुशासक डॉ० महताब अमरोहवी द्वारा योग अभ्यास कराया गया, उन्होंने कहा कि योग अभ्यास भारत की प्राचीन परम्परा है जिससे तनमन स्वस्थ रहता है स्वस्थ शरीर में ही अच्छे विचारों का आवागमन होता है इसलिए नियमित रूप से योग करना चाहिए`इस अवसर पर चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ० रेशमा जैदी के निर्देशन में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्माण किये गए और योग को मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग बतायो इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत उत्साह से भाग लिया । महाविद्यालय में योग दिवस पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या डॉ० लुबना हामिद ने कहा कि आज विश्व योग क्रिया को न केवल सम्मान देता है बल्कि भारत की प्राचीन योग अभ्यास का पालन कर रहा है जो हमारे लिए गौरव का विषय है` इस अवसर पर बोलते हुए शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ ० नसीम अहमद ने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए योग करना आवश्यक है` उन्होंने बताया कि सरकार योग को एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में अनुमोदित करते हुए इण्टर कॉलेज से स्नाकोत्तर तक पाठ्यक्रम में शामिल करें` कार्यक्रम में कसीम अशरफ, डॉ० सरिता रानी, डॉ० मुबारक अली, डॉ० अथर कमाल, डॉ० तश्कील हैदर, अरमान सिद्दीकी, जुनैद आलम, डॉ० फरहा सिद्दीकी, उज्मा सैफी, डॉ० निकहत नकवी, अतुल कुमार सोनी, डॉ० महताब आलम, शिवानी सागर समेत सभी विभागों के प्रवक्ता तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें ।





# उप निबंधक कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं का धरना, कार्यों का बहिष्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** तहसील बार एसोसिएशन चंदौसी के अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों (बैनामा लेखकों) और स्टांप विक्रेताओं ने सोमवार को ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में उप निबंधक कार्यालय के सभी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर दिया। विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और पूरे दिन यह सुनिश्चित किया कि रजिस्ट्री कार्य के लिए कोई व्यक्ति कार्यालय में प्रवेश न कर सके।

अधिवक्ताओं ने एक स्वर में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था का विरोध करते हुए इसे अधिवक्ता समाज तथा आमजन के हितों के प्रतिकूल बताया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उनकी मांगों के समाधान तक उप निबंधक कार्यालय का बहिष्कार अनिश्चितकालीन अवधि तक जारी रहेगा। अधिवक्ता समाज ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक कोई भी अधिवक्ता उप निबंधक कार्यालय में कार्य नहीं करेगा। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर एडवोकेट ने की, जबकि संचालन महासचिव दिलीप यादव एडवोकेट ने किया। आंदोलन में प्रमुख रूप से अमर सिंह यादव एडवोकेट, शिवम शर्मा एडवोकेट, रमेश बंधु एडवोकेट, प्रदीप राघव एडवोकेट, दुश्यंत कुमार एडवोकेट, अमितेश राघव एडवोकेट, चितेंद्र ठाकुर एडवोकेट, जयंत यादव एडवोकेट, धनवीर सिंह एडवोकेट, अली शेर एडवोकेट, नफीसुल हसन एडवोकेट, अरविंद भाटी एडवोकेट, राघव सिंह एडवोकेट, संतोष कुमार एडवोकेट, मुनेन्द्र शर्मा एडवोकेट, नरेंद्र प्रकाश एडवोकेट, शीशपाल एडवोकेट, अंकित एडवोकेट और राजेश एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता मौजूद रहे।

धरना स्थल पर उपस्थित सभी लोगों ने ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए एकजुटता का प्रदर्शन किया।



# किसान के बेटे ने रचा इतिहास,श्री हरि बाबा ओपन फिजिकल एकेडमी के पहले छात्र गुड्डू यादव का भारतीय सेना में चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल ( लल्ला सलमानी )।** रजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम भीकमपुर जैनी के मेहनत, लगन और देश सेवा के जज्बे ने एक किसान परिवार के बेटे का सपना साकार कर दिया। गांव निवासी किसान रमेश यादव के पुत्र गुड्डू यादव का चयन भारतीय सेना (अग्निवीर) में हुआ है। गुड्डू की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।गुड्डू यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और श्री हरि बाबा ओपन फिजिकल एकेडमी,बहट रसूलपुर को दिया है उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद लगातार मेहनत की और अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे। आज उनकी मेहनत रंग लाई और वह भारतीय सेना में चयनित होकर देश सेवा के लिए तैयार हैं।इस उपलब्धि की एक और खास बात यह है कि गुड्डू यादव श्री हरि बाबा ओपन फिजिकल एकेडमी के ऐसे पहले छात्र हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में चयन पाकर एकेडमी का नाम रोशन किया है एकेडमी के कोच ओमकार गुरु ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता सिर्फ गुड्डू की नहीं, बल्कि उन सभी युवाओं की प्रेरणा है जो सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहते हैं उन्होंने कहा कि गुड्डू की मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य युवाओं के लिए मिसाल बनेगा गुड्डू के चयन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और गुड्डू को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में दर्जनों वकीलों ने सदर विधायक,लोक लेखा समिति के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली को एक ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा ( डा.महताब अमरोहवी )।** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में दर्जनों वकीलों ने आज सदर विधायक,लोक लेखा समिति के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं के साथ साथ ई रजिस्ट्री के मुद्दा उठाया। ज्ञापन में कहा गया है की सरकार द्वारा 4 जून 2026 को आदेश पारित किया है कि अब सम्पतियों की रजिस्ट्री किसी भी साइबर कैफे पर की जा सकती है जिस से प्रदेश के लाखों वकीलों दस्तावेज लेखकों के सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जायेगा। इस लिए पूर्व व्यवस्था लागू रखा जाए क्यूँकि इस से प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ेगी और आम लोगों को सब से ज्यादा नुक्सान होगा।ज्ञापन में कहा गया कि सदर अमरोहा तहसील के नए भवन में ही रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया जाए ताकि उनका जीवन सुरक्षित हो सके।ज्ञापन प्राप्त कर महबूब अली ने उच्च अधिकारियों से वार्ता क्र के अमरोहा के अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में बात की और तत्काल वकीलों दस्तावेज लेखकों को राहत दिलाने के निर्देश दिया साथ ही इ रजिस्ट्री के आदेश को जनहित में वापिस लेने की बाबत कहा जिस पर अधिकारियों ने महबूब अली को आश्वासन दिया कि इस सम्बन्ध शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा ,इस अवसर पर संजीव कुमार महेश यादव,जयविन्दर खरे,सतेंद्र सिंह,मोहम्मद यूनुस,बाबर खान ,अली वाइज ,इंतेखाब नासिर तुर्क ,रमन शर्मा ,अभिमन्यु ,अजय चौहान ,चरण सिंह ,राम पाल सिंह अजब सिंह अफजाल अहमद ,मुंसिफ अली ,रागिब हसन खालिद हसन समेत काफी संख्या में वकील और दस्तावेज लेखक मौजूद थे ,ज्ञापन की प्रति प्रदेश अन्य संबंधित उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है।



**मातमी जुलुस** | **शहीदे कर्बला हुसैन के नारों से गूंजी अमरोहा की फिजा**

# आज शाहे बेकस की आखिरी सवारी है–छः मुहर्रम का मातमी जुलुस बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा ( डा.महताब अमरोहवी )।** छह मोहर्रम का जुलूस मौहल्ला काली पगड़ी स्थित अजाखाना मुसम्मात नूरन में सुबह नो बजे बरामद हुआ जिसमे दराब जैद़ी ने मरसिया पढ़ा आज शाहे बेकस की आखरी सवारी है इस गमगीन माहौल में जुलूस निकला और हुसैन हुसैन की सदाये बुलंद हुई। जुलूस में अजादाराने हुसैन नंगे पैर,नंगे सिर नौहा पढ़ते हुए सफों में चल रहे थे। अंजुमने रजाकाराने हुसैनी की एक एम्बुलेंस जुलूस के साथ चल रही थी जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियुक्त चिकित्सक आवश्यक दवाइयों के साथ मौजूद थे। जुलूस में शामिल लोग अलग-अलग अजाखानों, घरों में की गई हाजिरी में शामिल होते हैं। आज के जुलूस की विशेष्ता यह है कि आज का बाजा बहुत अलग होता है इसमें लगभग 22 बैंण्ड होते हैं। छह मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने वाले अजादारान की तादाद अन्य दिनों के मुकाबले बढ़ जाती है। आज दुलदुल व तख्त पर छतरी चलती है। दुलदुल को धूप से बचाया जाता है। जुलूस मच्छरट्टा, मण्डी चैब, दरबारे कलां, कटकुई, काली पगड़ी, घेर करम अली खां, लकड़ा, सट्टी, हक्कानी, जाफरी, पचदरा, मजापोता, कोट, दानिशमन्दान, बगला, शफातपोता, कटरा, होते नूरन के अजाखाने पर समाप्त हुआ। दुलदुल के पीछे अजादार इमाम हुसैन शहीदे कर्बला हुसैन, मेहमाने कर्बला हुसैन, राकिबे दोशे मुस्तफा हुसैन, नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस इमाम हुसैन के इस संदेश को प्रचारित व प्रसारित करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ जंग करो। इमाम हुसैन ने कर्बला में अपनी जान और पूरा परिवार कुर्बान कर दिया लेकिन अपने नाना के दीन इस्लाम को बचा लिया। यह जुलूस हमे आपस में मिलने का अवसर प्रदान करते हैं। इन जुलूसों का सामाजिक पहलू है कि हम एक दूसरे से विचारों का आदान-प्रदान कर सकें। तथा इस जुलूस का मकसद शान्ति का सन्देश भी देना है। अमरोहा की पहचान बाहर शहरों और मुल्कों में शान्ती और अमन के लिये आज तक बनी हुई है।इस भव्य जुलूस का कुशल संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी,नायब काईद इमदाद आब्दी,डॉ0 चन्दन नकवी, वसीम जैदी, मौहम्मद हैदर, शिराज गालिब, हुसैनी, नजीर हैदर सैयद मुज्तबा जाफर रजा तकी खां शाने मुज्तबा आदि द्वारा बेहद मुस्तैदी के साथ किया गया, जबकि सुरक्षा व व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई विशेष कमेटी के सदस्यगण दिनभर जुलूस के साथ मुस्तैद रहे।



मुहर्रम के मुकद्दस जुलूस के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में अकीदतमंदों और जायरीनों की सहूलियत के लिए पानी, शरबत, चाय और खाने की कई सबीलें लगाई गईं, जिसमें सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए सर्वत स्कूल में सरफराज उस्मानी के पुत्र कामरान उस्मानी की जानिब से , 'शिया-सुन्नी एकता मंच' की ओर से नल चौराहा पर चाय का विशेष प्रबंध किया गया; इसी सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए 'आई.एम. इंटर कॉलेज ओल्ड बॉयज' की जानिब से कोट चौराहा पर, 'कारवाने खुलूस' के सदस्य रजा तहसीन की जानिब से दानिशमंदान में, और 'हुसैनी पीस मिशन' की जानिब से कोट मोड़ पर जुलूस के लिए चाय और जलपान का शानदार आयोजन किया गया। तेज गर्मी की वजह से पानी का विशेष प्रबंध जगह जगह किया गया , सूत्रों के मुताबिक शहर में रोज लगभग एक लाख पानी की बोतलों का वितरण हो रहा है,जबकि बड़ी संख्या में शर्बत हर इमाम बारगाह में वितरण किया जा रहा है।

# मथुरा में रेलवे कर्मचारी की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप,जांच में जुटी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री के समीप एक रेलवे कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव गढ़ी बरौदा, थाना फरह के रूप में हुई है। वह रेलवे विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत था तथा वर्तमान में मोरा रेलवे स्टेशन पर तैनात था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोगों ने बताया कि सोनू लंबे समय से नशे का आदी था और पिछले कुछ दिनों से ड्यूटी पर भी नियमित रूप से नहीं जा रहा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्रारंभिक सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल थाना हाईवे क्षेत्र में होने के कारण स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। इसके बाद थाना हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है।

# योग से स्वस्थ जीवन का संदेश: सुभारती विश्वविद्यालय में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 10 दिवसीय महाअभियान का भव्य समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी के महर्षि अरबिंदो सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज ने 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 मनाया। इसके तहत मेरठ में 10 दिनों तक कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें योग वर्कशॉप, हेल्थ चेक-अप कैंप, क्विज प्रतियोगिता, योग आसन प्रतियोगिता, योग और नेचुरोपैथी जागरूकता कार्यक्रम और एक राष्ट्रीय सेमिनार शामिल थे। इन कार्यक्रमों का मकसद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और "स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग" को अपनाने को बढ़ावा देना था। इस दौरान आम जनता की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत रिश्ते को दिखाया। साथ ही, सभी संबंधित कॉलेजों और विभागों में खास योग वर्कशॉप आयोजित की गईं और यूनिवर्सिटी के रेजिडेंशियल ब्लॉक में हेल्थ चेक-अप कैंप लगाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम पैरामेडिकल बिल्डिंग के छठी मंजिल पर बने योग हॉल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल , नेशनल सर्विस स्कीम, नेशनल कैडेट कोर और



डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के लाइव प्रसारण से हुई, जिसके बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया। इसमें छात्रों, शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रोटोकॉल के बाद, प्रतिभागियों ने 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' के सिद्धांतों को अपनाते हुए आराम देने वाले व्यायाम, विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान और संकल्प का अभ्यास किया।

विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज इस अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में कहा कि "योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक दिशा देने वाली भारतीय ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विविध कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज की सक्रिय भागीदारी यह दशार्ती है कि योग आज जन-जन के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देती हूँ और आशा करती हूँ कि हम सभी 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' के संकल्प को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देंगे।"

विश्वविद्यालय के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. कृष्णमूर्ति ने अपने संदेश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मिक विकास के महत्व का स्मरण कराता है। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह मेगा योग अभियान विद्यार्थियों एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। मैं इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।"

वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि "भारत की प्राचीन योग परंपरा आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित दस दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज को योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक महत्व से जोड़ने का कार्य किया है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी विकसित करता है।

# वो विकलांग खिचड़ कर तहसील आया, तहसीलदार धौलाना ने ट्राई साइकिल पर बिठाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** कहते है ना गरीबी का दूसरा नाम मजबूरी है। उपर से विकलांगता का अभिशाप हो तो व्यक्ति को खिचड़ना ही पड़ता है और जिंदगी शापित लगने लगती है । लेकिन मदद के लिए बढ़े

## बेचारगी की शिकन पल भर हुई काफूर, मुस्कुराया विकलांग

हाथ हताश हो चुके व्यक्ति को जीवन जीने की प्रेरणा दे देते हैं । जिसे धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार ने सार्थक कर दिखाया । और खिचड़ कर चल रहे विकलांग नई दिशा दे दी । विकलांग भी हजार आशीष देता हुआ खुशी खुशी अपने गांव घर रवाना हो गया ।

ग्राम निधावली निवासी विकलांग पिंटू कुमार किसी काम से तहसील धौलाना आया था । और किसी तरह खिचड़ खिचड़ कर आफिस दर आफिस जा रहा था । इसी बीच उस विकलांग को घसीटते हुए धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार ने देख लिया । वे तत्काल अपने आफिस से बाहर आए । और ट्राई साइकिल मंगाई । प्यार से उस मजबूर असहाय विकलांग को ठंडा जल पिलाया। फिर उसे ट्राई साइकिल पर बिठाया। ये और इस अफसर का अपनत्व देख विकलांग की अश्रुधारा बह निकली । उसके बाद तहसीलदार ने तत्काल उस विकलांग का कार्य भी संपन्न करा उसे घर की तरफ रवाना कर दिया ।



तहसीलदार प्रवेश कुमार की इंसानियत धौलाना तहसील में एक मिसाल बन गई । इस पुनीत कार्य में एसडीएम धौलाना मनोज सिंह, नायब अमरपाल सिंह का परस्पर सहयोग रहा ।

# प्रगतिशील बरनवाल वैश्य सभा की प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** प्रगतिशील बरनवाल वैश्य सभा उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की प्रदेश स्तरीय बैठक सोमवार शाम गौशाला रोड स्थित अनुष्का सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों ने संगठनात्मक एकता, सामाजिक समरसता और भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अहिवरन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डॉ. दुर्गा टंडन बरनवाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार



गुप्ता बरनवाल ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकता में निहित है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसकी मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

प्रांतीय महामंत्री राजीव कुमार गुप्ता बरनवाल ने समाज के युवक-युवतियों के हित में प्रांतीय वैवाहिक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया। इस दौरान समाज सेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गा टंडन बरनवाल ने किया।

## आश्रम में बुजुर्गों ने किया योग, इंचार्ज नीरज मिश्रा की सेवा भावना की सराहना

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वृद्धाश्रम में गूंजा स्वस्थ जीवन का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के रामबाग रोड स्थित वृद्ध आश्रम में रविवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए तथा नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास से हुई। इस दौरान बुजुर्गों को योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत और सकारात्मक बनाता है। वृद्धाश्रम की इंचार्ज नीरज मिश्रा के



मार्गदर्शन और देखरेख में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। आश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह परिवार के सदस्य की तरह सभी की देखभाल करती हैं और समय-समय पर स्वास्थ्य, खान-पान एवं मनोरंजन संबंधी गतिविधियों का भी विशेष ध्यान रखती हैं। उनकी सेवा भावना और संवेदनशील कार्यशैली की लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में सभी बुजुर्गों ने नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे किसान रोके गए, होली गेट पर प्रदर्शन और नारेबाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय किसान यूनियन (सुनील) के कार्यकताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन देने के लिए अलीगढ़ रवाना होने से पहले पुलिस ने रोक लिया। इसके विरोध में किसानों ने होली गेट क्षेत्र में प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और किसान नेताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। भारतीय किसान यूनियन (सुनील) के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी तथा महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल के नेतृत्व में किसान कार्यकर्ता होली गेट स्थित कार्यालय से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के उद्देश्य से अलीगढ़ के लिए रवाना हुए थे। किसानों का आरोप है कि रास्ते में पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब 20 मिनट तक चले प्रदर्शन के दौरान किसानों और पुलिस अधिकारियों



के बीच कई मुद्दों को लेकर नोकझोंक हुई। किसानों का कहना था कि उन्हें अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाने से रोका जा रहा है। बाद में किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि ज्ञापन सौंपने के बाद कुछ समय तक कार्यकताओं को उनके कार्यालय परिसर तक सीमित रखा गया। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने, भूमि अधिग्रहण का न्यायसंगत भुगतान कराने, किसानों के ऋण माफ करने तथा बिजली बिलों में राहत देने की मांग उठाई।

**वर्जन**

राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत आवश्यक कदम उठाए गए थे।

**किसानों की प्रमुख मांगें**

ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए।

भूमि अधिग्रहण का उचित भुगतान सुनिश्चित हो।

किसानों के बकाया ऋण माफ किए जाएं।

बिजली बिलों में राहत प्रदान की जाए।

किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए।

# हजार रुपये चोरी के आरोप में युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को दवा लेने के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचे एक युवक पर पर्चा बनवाने के दौरान लाइन में खड़े दूसरे युवक ने एक हजार रुपये चोरी करने का आरोप लगा दिया। आरोप लगते ही अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया।

बताया गया कि आरोपित युवक ने काफी देर तक खुद को निर्दोष बताते हुए समझाने का प्रयास किया। इसके बाद उसने अपने परिजनों को फोन कर एक हजार रुपये मंगवाए और संबंधित युवक को दे दिए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# मुरादाबाद के "137 विद्यालयों में कंप्यूटर लैब "लेकिन विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में "बच्चों को कंप्यूटर की समुचित शिक्षा" नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले के 137 परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर लैब स्थापित की गई हैं लेकिन इन लैबों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए अलग से प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है। ऐसे में स्कूलों के सामान्य शिक्षक ही नियमित पढ़ाई के साथ कंप्यूटर लैब का संचालन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में कुल 1402 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 1.20 लाख छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इनमें से 137 विद्यालयों में कंप्यूटर लैब है लेकिन विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में बच्चों को कंप्यूटर की समुचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है ।शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय की नियमित समय सारिणी अनुसार ही बच्चों को लैब में ले जाया जाता है।

**ये सिखाने के हैं नियम:**



कक्षा 1 से 5 कंप्यूटर का परिचय, कंप्यूटर के भागों की पहचान (मॉनिटर, कीबोर्ड, माउस, सीपीयू), माउस का उपयोग, कीबोर्ड पर अक्षर और अंक टाइप करना, पेंट में चित्र बनाना, शैक्षिक खेलों और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से सीखना,कक्षा 6 से 8 कंप्यूटर की कार्यप्रणाली, ऑपरेटिंग सिस्टम का परिचय, हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग, एमएस वर्ड में दस्तावेज बनाना, एमएस पावर प्वाइंट में प्रस्तुति बनाना, एमएस एक्सल का प्रारंभिक उपयोग, इंटरनेट और ई-मेल का परिचय, साइबर सुरक्षा और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल भुगतान एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता अत्यंत आवश्यक है। जिले के जिन विद्यालयों में कंप्यूटर लैब संचालित हैं उनमें कंपोजिट विद्यालय बिलारी, कंपोजिट विद्यालय नमैनी गद्दी, कंपोजिट विद्यालय सिहाली माला, कंपोजिट विद्यालय रामनगर, जेएचएस वीरपुर थान तथा प्राथमिक विद्यालय शहबाजपुर कला सहित अन्य विद्यालय शामिल हैं।

# चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन मथुरा )।** शहर के कसाई पाड़ा निवासी एक ऑटो चालक की सड़क हादसे में मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी और बच्चों को ससुराल से घर लाने गया युवक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया।

उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों ने पुलिस चौकी पर शव रखकर प्रदर्शन किया और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र की भार्गव गली, कसाई पाड़ा निवासी 28 वर्षीय आजाद पुत्र सलीम अपनी पत्नी और चार बच्चों को लेने के लिए बिरला मंदिर क्षेत्र स्थित ससुराल गया था। रविवार देर शाम वह परिवार को लेकर घर लौटने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान मथुरा-वृंदावन मार्ग पर कृष्णापुष्पम क्षेत्र के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल आजाद को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मंडी चौराहा स्थित भास्कर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने बताया कि आजाद ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी कमाई से ही घर का खर्च चलता था। उसके चार छोटे बच्चे हैं, जिनके सामने अब भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बिरला मंदिर पुलिस चौकी पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।




**पुलिस का पक्ष**

पुलिस के अनुसार 21 जून 2026 को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए आजाद की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अजीत कुमार द्वारा की जा रही है तथा अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है।

## सम्मानित

## उधमी उधम सुरक्षा के लिए उठाए जाएं विशेष कदम : एन एन मिश्रा अध्यक्ष

# धौलाना थानेदार थाना अवनीश शर्मा का औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** मसूरी-गुलावठी रोड स्थित यूपीएसआईडीसी क्षेत्र में सोमवार को उद्यमियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा को उद्योग क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, त्वरित कार्रवाई और सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में हाल ही में वीडीएच प्राइवेट लिमिटेड में हुए भीषण अग्निकांड का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। उद्यमियों ने बताया धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर रात से अगले दिन शाम तक राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर स्थिति को नियंत्रित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए सभी उद्यमियों ने उनकी सराहना की।उद्यमियों ने हाल में यूपीएसआईडीसी क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के खुलासे और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की भी प्रशंसा की। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, यातायात व्यवस्था सुधारने, आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा उद्योगों से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। भविष्य में उद्योग और पुलिस



प्रशासन के बीच लगातार संवाद बनाए रखने पर भी सहमति बनी।इस अवसर पर गालंद चौराहे स्थित नहर पर स्थापित पुलिस बूथ के निर्माण में सहयोग देने वाले उद्यमियों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में अध्यक्ष एन एन मिश्रा, ए.के. गुप्ता, गगन दीप सिंह, अजय धमीजा, मोहित सिंह, सुदीप चौधरी, राजेश पांचाल, तरुण अग्रवाल, संजीव गोयल, नितिन गोयल, कपिल गर्ग सहित बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे। उद्यमियों ने कहा कि पुलिस और उद्योग जगत के बेहतर तालमेल से औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा और विकास को नई गति मिलेगी।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेश को नजरअंदाज करके गूंगे, बहरे और अंधे बने एमसीडी के अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा के वीपी ब्लॉक में अतिक्रमण की सभी हदें पार हो चुकी हैं, कुछ दबंगों ने आने-जाने का रास्ता यानि गलियों को बंद करके और सीवर लाइन को भी घरों के अंदर ले लिया हैं और एक कमरे वाले जनता फ्लैट को तीन से चार कमरों का फ्लैट यानि कोठी बना ली है।

याद रहे कि फ्लैटों की हालत बहुत ही जर्जर है और स्थानीय निवासी अतिक्रमण से बहुत ही ज्यादा परेशान हैं, कभी भी किसी भी दिन किसी अप्रिय घटना की सूचना आ सकती है।

इस की शिकायत हम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व सम्बंधित विभाग यानि एमसीडी को काफी लम्बे समय से करते आ रहे हैं मगर एमसीडी के अधिकारी गूंगे, बहरे और अंधे बने बैठे हैं एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं और यह कह कर पल्ला झाड़ रहे हैं कि ये काम हमारे विभाग का नहीं है। इस सम्बन्ध में हमारी बात जब स्थानीय जेई रवि चौहान से हुई तो उनका कहना है कि मैंने अपनी तरफ से रिपोर्ट बनाकर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुनील जैन को भेज दी है।

कुछ समय बीतने के बाद हमने इस कार्यवाही के बारे में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुनील जैन से बात की तो उनका कहना कि मैंने इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एक कवरिंग लेटर बनाया और इस पत्र पर डीसी साहब और एसई साहब के हस्ताक्षर करवाकर बिल्डिंग विभाग को कार्यवाही के लिए भेज दिया है। कुछ समय बीतने के बाद हमने फिर इस शिकायत के बारे में एमसीडी के बिल्डिंग विभाग से संपर्क किया और जानकारी लेने की कोशिश की ।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज एवं पीएम श्री विद्यालय में योग दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** नगर के प्रसिद्ध महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इसमें सभी छात्र-छात्राओं,शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने भाग लिया, प्रधानाचार्य मदन सिंह

**स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है :मदन सिंह**

ने योग से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि "स्वस्थ आयु के लिए योग" थीम पर इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं करो योग रहो निरोग योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में अनेक लाभ होते हैं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है तथा नियमित योग करने से शरीर में लचीलापन, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार




होता है साथ ही योग तनाव चिंता और अवसाद कम करने में भी मदद करता है अतः हमें प्रतिदिन नियम पूर्वक योग करना चाहिए। तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक निवेदित बिश्नोई ने इस अवसर पर अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम पद्मासन ,एकांगासन, शवासन, सुखासन आदि का अभ्यास कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, अखिलेश कुमार विश्नोई, अतवीर सिंह त्यागी, जितेन्द्र कुमार, विवेक कुमार राठी, दिनेश कुमार शर्मा,विपुल कुमार त्यागी,भानु प्रताप सिंह, पीतांबर सिंह, दीपक कुमार,रजत कुमार,योगेन्द्र कुमार, नरपाल सिंह,धीरज सिंह,सुनील कुमार,सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्रा इकाई के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे' नगर में स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय में योग दिवस मनाया गया बच्चों को विभिन्न प्रकार के योग कराए गए ' प्रभारी प्रधान अध्यापक उदयवीर सिंह ने बताया इस अवसर पर, वंदना विश्नोई, बदर जहां, वंदना शर्मा मौजूद रही ।

## कुन्दरकी पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** विगत दिनों क्षेत्र के ग्राम कमालपुर फतेहाबाद में मोहम्मद अली के घर चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पदार्फाश। कुन्दरकी पुलिस ने जनपद मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के खलील,



फहीम और यूनुस को चाकू, नकदी, पाजेब व जेवर समेत दबोचा। आरोपी बंद मकानों की रेकी कर वारदात करते थे। घेराबंदी कर पकड़े गए पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मुरादाबाद न्यायालय में पेश किया वहा से आरोपीयों को जेल भेज दिया गया है।

# डिजिटल रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन आठवें दिन भी रहा जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ द्वारा प्रदेश सरकार की डिजिटल रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में चल रहा आंदोलन आज आठवें दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं द्वारा पूर्ण रूप से रजिस्ट्री कार्य का बहिष्कार किया गया। अधिवक्तागण

**मांग स्वीकार न करने पर आंदोलन होगा तेज : प्रमोद शर्मा**

न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए एकत्रित होकर उप निबंधक (रजिस्ट्रार) कार्यालय के बाहर पहुंचे तथा डिजिटल रजिस्ट्री के प्रस्ताव के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।अधिवक्ताओं का कहना कि जब तक डिजिटल रजिस्ट्री के प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता है तब तक अधिवक्तागण एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे यदि हमारी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक




व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी 'प्रदर्शन में तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की तथा एक स्वर में डिजिटल रजिस्ट्री प्रणाली का विरोध किया। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, महासचिव दीपक बिश्नोई,शहजाद रफीक खान, इकबाल खान, यशवीर सिंह, सुगम पवार, चरण सिंह सैनी, वैभव बिश्नोई, नन्ने खां, सुनील प्रजापति, हरपाल सिंह, पुष्पेंद्र धामा, सुधीर कुमार बिश्नोई, विजयवीर सिंह, मोहम्मद अय्यूब, चंद्रपाल सिंह, जसवीर जस्ती, भूपेंद्र सिंह, महबूब खां, सुधीर बिश्नोई, चरण सिंह ढाका, कोमल सिंह, रंजीत सिंह, सुशील बिश्नोई, अफसर खान, चरण सिंह देशवाल, चौधरी सुनील कुमार,अतुल कुमार साजिद खान, लक्ष्मण पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।सभा की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन काठ के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने की तथा संचालन महासचिव दीपक बिश्नोई ने किया।

# सफाई कर्मचारियों में फैला आक्रोश, सभासदों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सैफनी/रामपुर (आनन्द शर्मा)।** रामपुर की सैफनी नगर पंचायत में सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा शोर-शराबा करने से माहौल गरमा गया ! कर्मचारियों का कहना रहा कि अपनी भविष्य निधि से जुडी समस्याओं को लेकर अधिकारियों व नगर पंचायत अध्यक्ष से बातचीत कार्यालय में पहुंचे तो मुख्य गेट पर मौजूद 2 सभासदों ने कथित रूप से अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर कर्मचारियों को अपमानित किया जिससे कर्मचारियों की भावनाएं आहत हुई हैं ! कर्मचारियों के कहने के मुताबिक बैठक में अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और सभासद मौजूद थे ! दोनों सभासदों के प्रति सफाई कर्मचारियों में आक्रोश होने के कारण आरोपित दोनों सभासदों के खिलाफ थाना सैफनी पुलिस को तहरीर देते हुए




मांग की गई है कि आरोपित सभासदों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जाए !

पुलिस का कहना रहा कि जांच के दौरान जो तथ्य निकल कर सामने आएंगे उन्हीं के आधार पर कार्यवाही की जाएगी ! सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि उन्हें न्याय नहीं मिला तो नगर में सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी ।

## तहसीलदार ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** तहसीलदार आदित्य कुमार सिंह ने सोमवार को नायब तहसीलदारों के साथ बैठक कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की। लंबित



मामलों के निस्तारण और जन शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए। बैठक में नायब तहसीलदार अभिनय सिंह, रोहित वर्मा और मानसी बैसोया मौजूद रहीं।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** 21 जून की रात पुलिस ने मैरिज हॉल के पास से मुन्ना पुत्र सोहनलाल, निवासी कुण्डारकर को 24 पव्वे इंडियन टाइगर देशी शराब के साथ पकड़ा। प्लास्टिक के कट्टे में शराब ले जाते समय घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा गया। आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय को चालान कर दिया ।

# मिलन फार्म हाउस में योग दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, 'योग भगाए रोग' का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर क्षेत्र के निकटवर्ती गांव जैतपुर पट्टी में स्थित मिलन फार्म हाउस योगमय हो उठा। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने एक साथ योग कर स्वस्थ भारत का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में कमल कुमार प्रजापति, अरविंद ठाकुर, मजलूम पाशा, नसीम खान, पीयूष गौतम, रामपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, उदय सैनी, राजकुमार समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल




हुए। सूर्य नमस्कार से लेकर प्राणायाम तक, हर आसन के साथ 'योग भगाए रोग' के नारे गूंजे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप ने कहा कि : योग सिर्फ व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला है। अगर हर घर में एक घंटा योग हो, तो अस्पतालों की भीड़ आधी हो जाएगी। बच्चों और युवाओं को इसे आदत बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रतिदिन योग करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ ली।

# 25 जून को मनाया जाएगा गंगा दशहरा : तीन दिन हाईवे पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले के मद्देनजर यातायात पुलिस ने तीन दिन तक रूट डायवर्जन करने का निर्णय लिया है। दिल्ली हाईवे पर सोमवार की सुबह आठ बजे से बृहस्पतिवार की रात 12 बजे तक भारी वाहन नहीं चलेंगे।

एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि बृजघाट में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। तीन दिन हाईवे पर भारी वाहन नहीं चलेंगे। इस बदले मार्ग से ही चलाया जाएगा यह रहेगी व्यवस्थाः मुरादाबाद से मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली जाने वाला भारी एवं हल्के मालवाहक वाहनः मुरादाबाद पुराना टोल से चंदौसी कट से गागन तिराहा से संभल कट अंडर से मैनाठेर रोड से सिरसी से चंदौसी चौराहा संभल होकर चौधरी सराय चौकी संभल से वाया गवां रोड होते हुए खिरनी कट से गंगा एक्स प्रेस वे से




होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगेमुरादाबाद से बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर जाने वाले भारी एवं हल्के मालवाहक वाहन : मुरादाबाद से मेरठ बिजनौर, मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले भारी वाहन वाया-टीएमयू अंडरपास, शेरुआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए मेरठ एवं मुजफ्फरनगर जाएंगे।रामपुर से चंदौसी होकर दिल्ली, अलीगढ़ एवं आगरा जाने वाले भारी और हल्के मालवाहक वाहन रामपुर से आने वाले वाहन शाहबाद, बिलारी से चंदौसी होकर बहजोई लहरावन कट से गंगा एक्सप्रेसवे होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे रामपुर से अलीगढ़ एवं आगरा जाने वाला यातायात बहजोई-धनारी- इंद्रा चौक बबराला नेहरू चौक गुन्नौर नरौरा पुल होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे ।

## दहेज में दस लाख की मांग, विवाहिता से मारपीट, 6 पर केस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** मैनाठेर थाना क्षेत्र की विवाहिता महिला ने दहेज में दस लाख रुपये न देने पर सुसराल वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है । पीड़िता ने पति शहनवाज उर्फ कल्लू, सास-ससुर, ननद और देवर के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पीड़ित विवाहिता का आरोप है कि उसको 13 जून को मायके वालों के सामने भी पीटा गया। एस एस पी को प्रार्थना पत्र देकर मामले में अवगत कराया गया शिकायत के बाद केस दर्ज हुआ। आरोप है कि शादी में मिले दहेज को कम बताकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस जांच में जुटी है।

## दहेज में बीस लाख-प्लॉट के लिए विवाहिता को बंधक बनाकर पीटा, केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी ) ।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों में ने विवाहिता को बंधक बनाकर पीटा। पन्द्रह जून को पति, सास-ससुर और देवरों ने बीस लाख रुपये व दो सौ गज प्लॉट के लिए गाली-गलौज की, मारपीट कर गला दबाया। लव मैरिज के तीन महीने बाद से ही प्रताड़ना शुरू हो गई थी। पीड़िता की शिकायत आधार पर पुलिस ने पीड़िता के पति समेत 6 पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मुरादाबाद मंडल में टाइफाइड के मरीज बढ़े : मुरादाबाद "सबसे ज्यादा " प्रभावित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद मंडल में इस साल टाइफाइड के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से जून 2026 तक मंडल में कुल 1535 मरीज सामने आए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 1080 थी।सबसे अधिक चिंता मुरादाबाद और रामपुर की स्थिति को लेकर जताई जा रही है, जहां अप्रैल, मई और जून के दौरान मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई। विशेषज्ञों के अनुसार दूषित पानी, खुले में बिकने वाला भोजन, आसपास गंदगी और हाथों की सफाई में लापरवाही टाइफाइड की प्रमुख वजहें हैं। बरसात के मौसम में संक्रमण का और बढ़ जाता है।

जनपद वार आंकड़ों पर नजर डालें तो अमरोहा में जनवरी से जून 2026 के बीच 290 मरीज मिले, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 104 मामले सामने आए थे।




बिजनौर में इस बार 184 मरीज दर्ज किए गए, जो पिछले साल के 138 मामलों से अधिक हैं।मुरादाबाद में स्थिति ज्यादा चिंताजनक रही। यहां जनवरी से जून 2026 तक 367 मरीज सामने आए, जबकि 2025 की इसी अवधि में 165 मामले दर्ज किए गए थे।वहीं रामपुर में जनवरी से जून तक 528 मरीज मिले। हालांकि यह संख्या पिछले साल के 613 मामलों से कम है, लेकिन मई में 174 और जून में 86 मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बनी हुई है। संभल में भी टाइफाइड के मामलों में तेजी देखने को मिली। यहां मरीजों की संख्या 166 तक पहुंच गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में केवल 60 मामले सामने आए थे।फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह के अनुसार टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी बैक्टीरिया से फैलता है। संक्रमित पानी पीने, बासी या दूषित भोजन खाने, बिना हाथ धोए खाना खाने और आसपास गंदगी रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने सलाह दी कि बचाव के लिए उबला या साफ पानी पीना, ताजा भोजन करना, हाथों की नियमित सफाई रखना और बुखार होने पर तुरंत जांच कराना जरूरी है।

# सैफनी नगर में बिजली खंभों पर बिछे एबीसी केबल, सुदृढ़ और सुरक्षित होगी विद्युत व्यवस्था ,चरणवद्ध तरीके से बिछेगा एबीसी केबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद, रामपुर (आनन्द शर्मा)।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की निगरानी में विद्युत कर्मचारियों के द्वारा सैफनी नगर में विद्युत व्यवस्था को मजबूत और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जनता इन्टर कालेज से पुलिस थाना परिसर तक एबीसी केबल बिछाने का कार्य तेजगति से कर पूरा कर लिया गया है !

खंभों पर केबल स्थापित करने और उसे व्यवस्थित करने में विद्युत कर्मचारी जुटे रहे ! विभागीय अधिकारियों का कहना रहा कि एबीसी केबल लगने से बिजली चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा , बिजली लाइन फाल्ट की समस्या भी कम होगी और बारिश व आंधी के दौरान खुले तारों के आपस में टकराने से होने वाली विद्युत बाधाएं भी काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी उनका कहना है कि केबल बिछाने में



आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है ! एबीसी केबल बिछने से बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा का लाभ मिलेगा ! मिली जानकारी के अनुसार पूरे सैफनी नगर में चरणबद्ध तरीके से एबीसी केबल बिछाने का कार्य जारी रहेगा ! लोगों ने विद्युत विभाग के इस कदम की सराहना की है !

## बिलारी कोतवाली प्रभारी ने की जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं।



उन्होंने अधीनस्थों को मामलों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। कहा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है।


**उद्घाटन** तायक्वोंडो आत्मरक्षा का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: स्निग्धा चतुर्वेदी

# सात दिवसीय तायक्वोंडो शिविर का मुख्य अतिथि ने फीता काटकर एवं मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आकाश कोरियन तायक्वोंडो एकेडमी द्वारा बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित सात दिवसीय तायक्वोंडो शिविर का मुख्य अतिथि एसडीएम कांठ स्निग्धा चतुर्वेदी ने फीता काटकर एवं मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा एवं समाजसेविका अनुजा शर्मा उपस्थित रहीं। शिविर में बच्चों ने प्रतिभाग कर आत्मरक्षा एवं तायक्वोंडो प्रशिक्षण प्राप्त किया 'अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसडीएम स्निग्धा चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। तायक्वोंडो जैसे खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, साहस और नेतृत्व क्षमता का






विकास करते हैं। उन्होंने बच्चों से खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया तथा शिविर के सफल आयोजन के लिए एकेडमी की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। तायक्वोंडो प्रशिक्षण से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आचार्य भावेश शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर बच्चों को नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आकाश कोरियन तायक्वोंडो एकेडमी भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने का कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा ने बच्चों को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी तथा तायक्वोंडो की मूल तकनीकों और नियमों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि तायक्वोंडो न केवल आत्मरक्षा का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई,सुनीता शर्मा, माया बिश्नोई, संजय यादव, पंकज भदौरिया, देवेंद्र बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य लोग एवं छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

## विधायक ने सभी प्रतिनिधि किए कार्यमुक्त, नई नियुक्तियों की भविष्य में होगी घोषणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा)।** रामपुर की विधानसभा क्षेत्र स्वार - टांडा के विधायक शफीक अहमद अंसारी द्वारा पिछले दिनों एक अहम निर्णय लेते हुए अपने द्वारा पूर्व में नियुक्त किए गए सभी विधायक प्रतिनिधियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है ! विधायक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भविष्य में किसी




व्यक्ति को विधायक प्रतिनिधि, सलाहकार अथवा किसी अन्य दायित्व के लिए नामित किया जाएगा तो उसकी सूचना सार्वजनिक रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी जाएगी ! राजनीतिक गलियारों में विधायक शफीक अहमद अंसारी के इस निर्णय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है !इसे संगठनात्मक पुर्नसरचना के रूप में भी देखा जा रहा है !

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्मेंस के बाद नोरा फतेही ने कहा, मैं खुशकिस्मत रही कि मुझे करियर में यादगार पल मिले

बॉलीवुड की डांसिंग दिवा नोरा फतेही ने कहा है कि वह खुशकिस्मत हैं कि उन्हें अपने करियर में कई यादगार पल देखने को मिले। फिर भी, फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने जैसी बड़ी कामयाबी का जश्न अपने करीबी लोगों के साथ मनाने के इमोशनल अनुभव से किसी चीज की तुलना नहीं की जा सकती। नोरा ने टोरंटो में दूसरे फीफा वर्ल्ड कप ओपनिंग सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी बहन, मां, भाई, हाई-स्कूल टीचर और दोस्त शामिल थे। मोरक्कन मूल की इस एक्ट्रेस ने वहां परफॉर्म किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं आप लोगों के साथ यह शेयर करना चाहती थी। मैं एक दशक से ज्यादा समय से परफॉर्म कर रही हूं, मैं खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे अपने करियर में कई बड़े पल मिले और मैंने उन्हें अपने कुछ पसंदीदा लोगों के साथ शेयर किया है!

34 साल की डांसिंग दिवा ने कहा कि एक दशक से अधिक समय तक परफॉर्म करने के बाद, यह पहली बार था जब उनकी मां, भाई-बहन, बचपन के दोस्त, करीबी दोस्त और यहां तक कि उनके हाई-स्कूल के टीचर भी उन्हें लाइव परफॉर्म करते हुए देखने के लिए एक साथ आए थे। नोरा फतेही ने कहा, मेरा पूरा परिवार और मेरे करीबी लोग कभी भी एक साथ नहीं थे।

यह पहली बार था जब मैंने अपनी परफॉर्मेंस खत्म की और अपने सभी करीबी लोगों को मुझे गले लगाने के लिए एक साथ इंतजार करते हुए पाया! यह सच में मेरे लिए एक इमोशनल पल था। मैं हमेशा अकेले काम पर जाती हूं और परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद घर चली जाती हूं, लेकिन इस बार कुछ अलग था। मेरे करीबी लोग पहली बार मुझे लाइव देखने के लिए इकट्ठा हुए और पहली बार मेरे साथ जश्न मनाया। नोरा ने कहा, मैंने इस पल के लिए अपनी पूरी जिंदगी मेहनत की है। इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मेरी बहन, मेरी मां और मेरा भाई पहली बार वहां मौजूद थे! मेरे हाई-स्कूल टीचर, जो मेरे बहुत करीबी हैं, भी वहां मौजूद थे! मेरे बचपन के दोस्त और आज के करीबी दोस्त भी वहां थे! कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके वहाँ होने की मुझे चाहत थी, लेकिन मैं बहुत खुश और शुक्रगुजार हूं।

# कैप्टन इंडिया से देशभक्ति का संदेश देने आएंगे कार्तिक आर्यन, आई रिलीज तारीख

कार्तिक आर्यन के फैंस के लिए साल 2027 काफी खास होने वाला है। एक तरफ करण जौहर के साथ उनकी चर्चित फिल्म नागजिला वैलेंटाइन सप्ताह में दर्शकों का दिल जीतने आएगी। वहीं दूसरी तरफ अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म कैप्टन इंडिया पर एक बड़ी खुशखबरी आ गई है। बता दें, इस फिल्म का





ऐलान 5 साल पहले किया गया था और तब से फैंस इसपर अपडेट पाने के लिए उत्साहित थे। आखिरकार निमार्ताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख बता दी है।

चक दे! इंडिया और रॉकेट सिंहः सेल्समैन ऑफ द ईयर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर शिमित अमीन ने कैप्टन इंडिया के निर्देशन की जिम्मेदारी उठाई है। फिल्म की रिलीज तारीख तय हो गई है और यह 13 अगस्त, 2027 को स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत में रिलीज होगी। इसे टी-सीरीज और बावेजा स्टूडियो द्वारा मिडनाइट चाय फिल्म्स लिमिटेड के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है।

# चेतना पांडे हॉरर फिल्म हॉन्टेड-3डी में मचा रहीं धमाल, रियल लाइफ में हैं बेहद ग्लैमरस

हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं. इसके साथ ही फिल्म की एक्ट्रेस चेतना पांडे भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. फिल्म में अपने किरदार से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली चेतना रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश हैं. आइए जानते हैं आखिर कौन हैं चेतना पांडे। चेतना पांडे ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 2013 की फिल्म आई डोंट लव यू से की थी. इसके बाद वो शाहरुख खान और काजोल की सुपरहिट फिल्म दिलवाले (2015) में जेनी के किरदार और मुन्ना माइकल (2017) में भी



काम कर चुकी हैं. फिल्मों के अलावा, चेतना एमटीवी के ऐस ऑफ स्पेस (सीजन 1) और कलर्स टीवी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में भी एक कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ चुकी हैं.

वो क्लास ऑफ 2020 और होम जैसी पॉपुलर वेब सीरीज में भी अभिनय कर चुकी हैं. चेतना पांडे की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर उन्हें 2.5 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. चेतना पांडे रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस हैं. चेतना पांडे इन दिनों विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डीः इकोज ऑफ द पास्ट में सुनहरी के किरदार में नजर आ रही हैं. हॉन्टेड 3डीः इकोज ऑफ द पास्ट बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. फिल्म ने अब तक, सैकनिल्क के मुताबिक, 16.41 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

# सामंथा की मां इंति बंगारम की धमाकेदार हुई शुरूआत, ओपनिंग डे पर चार फिल्मों को पछाड़ा

सामंथा रूथ प्रभु की नई एक्शन ड्रामा फिल्म मां इंति बंगारम इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. राज एंड डीके फेम राज निदिमोरू द्वारा बनाई गई यह फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है जो अपने हिंसक अतीत से अपने परिवार को बचाने की कोशिश करती है. इस फिल्म को कई फिल्मों से क्लैश करना पड़ा है बावजूद इसके मां इंति बंगारम की बॉक्स ऑफिस पर शुरूआत अच्छी हुई है. चलिए यहां इसके ओपनिंग डे कलेक्शन को जानते हैं। सामंथा की नई रिलीज मा इंटी बंगारम को दर्शको से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और इसी के साथ इसकी धुआंधार ओपनिंग हुई है. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबित फिल्म ने भारत में पहले दिन 5.35 करोड़ रुपये (नेट) कमाए. फिल्म ने यह कमाई 2,658 शो में की. टैक्स मिलाकर, भारत में इस फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन लगभग 6.20 करोड़ रुपये रहा। मां इंति बंगारम को विदेशों में भी दर्शकों ने पसंद किया है. इसी के साथ इसने ओवरसीज में ओपनिंग डे पर 4.50 करोड़ रुपये कमाए हैं. वहीं भारत और ओवरसीज की पहले दिन की कमाई मिलाकर इसने दुनियाभर में कुल 10.70 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है.

नंदिनी निर्देशित सामंथा स्टारर फिल्म मां इंति बंगारम ने एक्ट्रेस की पिछली सबसे बड़ी सोलो ओपनिंग वाली फिल्म यशोदा के पहले दिन की कमाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. 2022 में आई उस डिस्टोपियन थ्रिलर फिल्म ने भारत में अपने पहले दिन 3.06 करोड़ (नेट) कमाए थे. इतना ही नहीं मां इंति बंगारम ने अनुष्का शेट्टी की 2025 की फिल्म घाटी की ओपनिंग कमाई (2 करोड़) को भी पीछे छोड़ दिया है. इसने रश्मिका मंदाना की 2025 की फिल्म द गर्लफ्रेंड के 1.30 करोड़ को भी मात दे दी



है। इसने सामंथा और नंदिनी की 2019 की हिट फिल्म ओ! बेबी की ओपनिंग कमाई (2.5 करोड़) को भी पीछे छोड़ दिया है. वीकेंड पास आ रहा है और फिल्म के बारे में लोगों की राय भी अच्छी है, इसलिए अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म अपने ओपनिंग वीकेंड में कितनी कमाई करती है। मां इंति बंगाराम का निर्देशन नंदिनी रेड्डी द्वारा किया गया है और इसे राज निदिमोरु ने क्रिएट किया है जबकि त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के तहत सामंथा, राज और हिमांक रेड्डी दुव्वुरु द्वारा इसे प्रोड्यूस किया गया है. फिल्म में सामंथा के साथ गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी, श्रीमुखी, मंजूषा मुक्काविली और अन्य मुख्य भूमिका में हैं।

# मेकअप के लिए जरूरी हैं ये 5 टूल्स, हर महिला की किट में होने चाहिए शामिल

मेकअप करने के लिए सिर्फ सही सामान का होना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें सही तरीके से लगाने के लिए सही टूल्स का होना भी जरूरी है, खासकर अगर आप मेकअप के लिए नए हैं तो आपको यह समझना होगा कि कौन सा टूल कब और कैसे इस्तेमाल किया जाता है। आइए आज हम आपको 5 ऐसे मेकअप टूल्स के बारे में बताते हैं, जो हर महिला के पास होने चाहिए।

**मेकअप ब्रश सेट**

मेकअप ब्रश सेट आपके चेहरे पर सामान को सही तरीके से लगाने में मदद करता है। इसमें फाउंडेशन, गालों पर रंग, आंखों के लिए शेड और होंठों के लिए अलग-अलग ब्रश होते हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप अपने मेकअप को बेहतरीन बना सकते हैं। सही ब्रश का चयन और उपयोग आपके लुक को निखारने में अहम भूमिका निभाता है। अच्छे मेकअप ब्रश सेट से आप आसानी से और प्रभावी ढंग से मेकअप कर सकते हैं।



**ब्लेंडर**

ब्लेंडर एक ऐसा टूल है, जो फाउंडेशन और कंसीलर को चेहरे पर समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपका मेकअप न केवल प्राकृतिक दिखता है बल्कि लंबे समय तक टिकता भी है। ब्लेंडर का सही उपयोग करने से आपका चेहरा तरोताजा और निखरा हुआ लगेगा। इसे गीला करके इस्तेमाल करने से यह त्वचा में बेहतर समाहित होता है और एक स्मूद फिनिश देता है, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक बनता है।

**आईलैश कर्लर**

आईलैश कर्लर आपकी पलकों को घुमावदार बनाने के लिए इस्तेमाल होता है। इससे आपकी आंखें बड़ी और आकर्षक दिखती हैं। इसे इस्तेमाल करना बहुत आसान है, बस इसे अपनी पलक पर हल्के हाथों से दबाएं और झपकाएं। आईलैश कर्लर का सही उपयोग करने से आपकी आंखें खुली और जागती हुई दिखती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी खास बनता है। यह टूल आपके मेकअप रूटीन का एक अहम हिस्सा हो सकता है।

**आईब्रो पेंसिल**

आईब्रो पेंसिल का उपयोग करके आप अपनी भौहों को आकार दे सकते हैं और उन्हें भर सकते हैं। सही आईब्रो आकार आपके चेहरे को फ्रेम करता है और आपकी आंखों को और भी आकर्षक बनाता है। आईब्रो पेंसिल का चयन करते समय ध्यान रखें कि वह आपकी बालों के रंग से मेल खाती हो ताकि आपका लुक प्राकृतिक लगे। इसे हल्के हाथों से लगाएं और जरूरत पड़ने पर ब्रश की मदद से नरम करें।

**होंठों के लिए ब्रश**

होंठों के लिए ब्रश का उपयोग करके आप अपने होंठों पर लिपस्टिक या लिप ग्लॉस लगाते समय सटीकता प्राप्त कर सकते हैं। यह टूल खासकर तब उपयोगी होता है जब आप गहरे रंग की लिपस्टिक लगा रहे हों क्योंकि इससे आपको होंठों की सीमाएं साफ दिखती हैं। होंठों के लिए ब्रश का सही उपयोग करके आपके होंठ लंबे समय तक खूबसूरत बने रहते हैं और आपका पूरा लुक और भी खास बनता है।

# मेडिटेशन के दौरान न करें ये 5 गलतियां, लाभ नहीं मिल सकता


मेडिटेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जो हमें मानसिक शांति और आंतरिक शांति प्रदान करती है। हालांकि, कई लोग मेडिटेशन करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल पाता। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताएंगे, जिन्हें मेडिटेशन करते समय करने से बचना चाहिए ताकि आप अपने मेडिटेशन सत्रों का पूरा लाभ उठा सकें और मानसिक शांति प्राप्त कर सकें।

**सही जगह का चयन न करना**

मेडिटेशन करते समय सही जगह का चयन करना बहुत जरूरी है। ऐसी जगह चुनें जहां शांति हो और कोई बाहरी शोर-गुल न हो। अगर आप किसी व्यस्त जगह पर मेडिटेशन करेंगे तो आपका ध्यान भंग होगा। इसके अलावा ऐसी जगह चुनें जहां आपको आरामदायक महसूस हो और आपको कोई परेशानी न हो। सही माहौल में मेडिटेशन करने से आपकी मानसिक शांति बढ़ेगी और आप अधिक प्रभावी ढंग से मेडिटेशन कर पाएंगे।

**समय का ध्यान न रखना**

मेडिटेशन करते समय समय का ध्यान रखना भी जरूरी है। अगर आप जल्दी में हैं या समय की कमी महसूस कर रहे हैं तो आपका ध्यान भंग होगा और आप पूरी तरह से ध्यान में नहीं लग पाएंगे। इसलिए एक निश्चित समय तय करें और उसी दौरान मेडिटेशन करें ताकि आप पूरी तरह से इस प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इससे आपका मानसिक शांति और आंतरिक शांति प्राप्त करने का अनुभव बेहतर होगा।



**सही मुद्रा न अपनाना**

मेडिटेशन करते समय सही तरह से बैठना बहुत जरूरी है। अगर आपकी मुद्रा सही नहीं होगी तो इससे आपकी पीठ में दर्द हो सकता है या शरीर में अकड़न आ सकती है, जिससे आपका ध्यान भंग होगा। इसलिए मेडिटेशन करते समय बैठने की सही मुद्रा अपनाएं और सुनिश्चित करें कि आपका शरीर आरामदायक स्थिति में हो ताकि मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। सही मुद्रा से आपका मेडिटेशन अधिक प्रभावी ढंग से होगा।

**सांसों पर ध्यान न देना**

मेडिटेशन करते समय सांसों पर ध्यान देना बहुत अहम होता है। अगर आप अपनी सांसों की गति पर ध्यान नहीं देंगे तो आपका मन भटक सकता है। इसलिए मेडिटेशन करते समय अपनी सांसों की गहराई और नियमितता पर ध्यान दें ताकि आपका मन स्थिर रहे और आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। इससे आपकी ध्यान प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और आप बेहतर अनुभव कर सकेंगे।

**मोबाइल फोन का उपयोग करना**

आजकल मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है, लेकिन मेडिटेशन करते समय इसका उपयोग करना सही नहीं है। मोबाइल फोन से आने वाली कॉल्स या संदेशों से आपका ध्यान भंग होगा। इसलिए मेडिटेशन करते समय मोबाइल फोन को दूर रखें या इसे साइलेंट मोड पर रख दें ताकि आपका ध्यान स्थिर रहे और आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकें।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मैक्स हॉस्पिटल में 500 से अधिक लोगों ने किया योग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, ने समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री - श्री ब्रजेश पाठक रहे।

कार्यक्रम सुबह 5:00 बजे शुरू हुआ, जिसमें सामुदायिक योग सत्र, एक्सपर्ट टॉक और हेल्थ अवेयरनेस एक्टिविटीज को शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने योग और प्राणायाम सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के लाभ को बढ़ावा देना और बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लोगों को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, के कंसल्टेंट- जेरियाट्रिक एवं इंटरनल



मेडिसिन - डॉ. असित कुमार, ने योग के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा, योग भारत की विश्व को अमूल्य देन है और इसका महत्व आज पूरी दुनिया में स्वीकार किया जा रहा है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक चिकित्सकीय अनुशासन है। आज की एक जगह पर बैठकर कार्य करने की जीवनशैली की जरूरत है इस तरह के अभ्यास जिनके केंद्र में शरीर और मन हो।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। प्रतिभागियों को हृदय एवं जीवनशैली प्रबंधन पर निःशुल्क परामर्श भी दिया गया और सत्र के बाद हेल्दी रिफ्रेशमेंट्स का आनंद लिया। मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, ने समुदाय में वेलनेस को एक आंदोलन बनाने के अपने मिशन की पुनः पुष्टि की और भविष्य में भी सतत एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने धूमधाम से मनाया 'फादर्स डे', बच्चों के लिए आयोजित हुई ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस (SBI Life Insurance) की ओर से आज 'फादर्स डे' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी उत्सव में चार दर्जन से अधिक अभिभावकों और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत एसबीआई लाइफ की यूनिट मैनेजर नेहा नूर के विशेष अनुरोध पर हुई। इस मौके पर पहुंचे सभी बच्चों के लिए एक ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से पिताओं के प्रति अपने प्यार को दशार्या। प्रतियोगिता के बाद बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में खूब मस्ती की। इस अवसर पर यूनिट मैनेजर नेहा नूर ने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को आकर्षक गिफ्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अकील अहमद भी अपने बच्चों–आदिल नवाज, अदीबा नाज और आफरीन नाज के साथ इस 'फादर्स



डे' कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। यूनिट मैनेजर नेहा नूर ने अकील अहमद और उनके बच्चों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिट मैनेजर नेहा नूर ने कहा, "एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस सिर्फ सुरक्षा ही नहीं दे रहा, बल्कि सही मायनों में लोगों की जिंदगी बदल रहा है। हमारा उद्देश्य परिवारों को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर उनके भविष्य को खुशहाल बनाना है।"यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा और उपस्थित सभी पिताओं व बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

# शालीमार एक्सीलेंस समिट में चैनल पार्टनर्स को खास तोहफा, अमित मिश्रा की प्रस्तुति रही खास आकर्षण, चैनल पार्टनर्स को सौंपी गई कारों की चाबियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ ।** शालीमार कॉर्प लिमिटेड द्वारा अपने चैनल पार्टनर्स के लिए "शालीमार एक्सीलेंस समिट 2026" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ओएसिस क्लब, शालीमार गार्डन बे, लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शालीमार के मैनेजिंग डायरेक्टर, खालिद मसूद, शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर, कुणाल सेठ, शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर, अब्दुल्लाह मसूद सहित चैनल पार्टनर्स विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में कंपनी की अब तक की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद प्रबंध निदेशक खालिद मसूद चैनल पार्टनर्स के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अमित मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। शालीमार कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक खालिद मसूद ने कहा, "शालीमार की सफलता में हमारे चैनल पार्टनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शालीमार एक्सीलेंस समिट 2026 उनके प्रयासों और सहयोग के प्रति हमारी सराहना का एक माध्यम है। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में हम सभी मिलकर नई सफलताएं हासिल करेंगे।"


समिट का सबसे प्रमुख आकर्षण कार वितरण समारोह रहा। इसमें चैनल पार्टनर्स को कारों की चाबियां सौंपी गईं।

# हजरत इमाम हुसैन: हक और सच्चाई के अमर प्रतीक : एस एम.शादाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** हजरत इमाम हुसैन इस्लाम के इतिहास की एक ऐसी महान शख्सियत हैं, जिनका नाम आते ही जहन में बहादुरी, सब्र (धैर्य) और इंसाफ की तस्वीर उभर आती है। वह इस्लाम के आखिरी पैगंबर, हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) के नवासे (नाती) और हजरत अली व बीबी फातिमा के छोटे बेटे थे। उनका जन्म मदीना में हुआ था और उनका पूरा जीवन उच्च नैतिक मूल्यों, मानवता और अल्लाह के प्रति अटूट भक्ति का उदाहरण था।

इमाम हुसैन को इतिहास में उनके उस महान बलिदान के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है, जो उन्होंने सन 61 हिजरी (680 ईस्वी) में इराक के करबला के मैदान में दिया था। उस समय का शासक यजीद एक



अत्याचारी, क्रूर और अधर्मी राजा था, जो अपनी सत्ता को जायज ठहराने के लिए इमाम हुसैन से बैअत (वफादारी की कसम) चाहता था। इमाम हुसैन ने जुल्म के आगे झुकने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उनका मानना था कि बुराई के सामने झुकना इस्लाम और इंसानियत के सिद्धांतों के खिलाफ है।

करबला के मैदान में इमाम हुसैन, उनके परिवार और उनके मात्र 72 साथियों को यजीद की हजारों की फौज ने चारों तरफ से घेर लिया। उनका पानी तक बंद कर दिया गया। भीषण गर्मी और प्यास के बावजूद, इमाम हुसैन ने हक (सच्चाई) का रास्ता नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने छह महीने के बेटे अली असगर से लेकर अपने भाई-भतीजों और साथियों की शहादत अपनी आंखों के सामने देखी, और अंत में खुद भी इस्लाम और मानवता की रक्षा के लिए शहीद हो गए।

इमाम हुसैन की यह शहादत सिर्फ एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि जुल्म के खिलाफ क्रांति की एक अमर मशाल है। उनका संदेश किसी एक धर्म के लिए नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत के लिए था। इसीलिए आज भी दुनिया भर में उन्हें न्याय, स्वतंत्रता और गरिमा का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है।

## हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे मौलाना, 25 वर्षों तक नूरानी जामा मस्जिद और ईदगाह की, की निःस्वार्थ सेवा

# मया बाजार के पेश इमाम मौलाना मुस्तकीम कादरी का इंतकाल, क्षेत्र में शोक की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मया बाजार/अयोध्या।** नूरानी जामा मस्जिद मया बाजार के प्रतिष्ठित पेश इमाम

**स्थानीय व्यापारी नेता ध्रुव गुप्ता ने मौलाना साहब को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक मजहबी रहनुमा नहीं थे, बल्कि मया बाजार में हिन्दू-मुस्लिम एकता के एक मजबूत स्तंभ और प्रतीक थे**

और प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु हजरत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब का गुरुवार की रात अचानक इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया। मौलाना के अंतिम दर्शन और शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा।

**जीवन परिचय और धार्मिक सेवाएं**

हजरत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब मूल रूप से पड़ोसी जनपद अम्बेडकर नगर के विकास खण्ड टाण्डा के अंतर्गत ग्राम सभा महेशपुर के निवासी थे। उन्होंने अपने जीवन के लगभग 25 वर्ष मया बाजार की नूरानी जामा मस्जिद में इमामत करते हुए गुजारे। इस दौरान उन्होंने अनगिनत बच्चों को दीनी तालीम (धार्मिक शिक्षा) से रोशन किया। उन्होंने मया बाजार



की नूरानी जामा मस्जिद और स्थानीय ईदगाह की देखरेख व सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

**हिन्दू-मुस्लिम एकता के थे मिसाल**

स्थानीय व्यापारी नेता ध्रुव गुप्ता ने मौलाना साहब को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक मजहबी रहनुमा नहीं थे, बल्कि मया बाजार में हिन्दू-मुस्लिम एकता के एक मजबूत स्तंभ और प्रतीक थे।

उनका इस तरह अचानक चले जाना पूरे मया बाजार के लोगों के दिलों को झकझोर गया है। इस अपूरणीय क्षति की भरपाई कभी नहीं की जा सकती।

महेशपुर में सुपुर्द-ए-खाक, उमड़ा जनसैलाब हजरत मौलाना की नमाजे-जनाजा और तदफीन (मिट्टी) शुक्रवार को बाद नमाज-ए-जुमाअ उनके पैतृक गांव महेशपुर (अम्बेडकर नगर) के कब्रिस्तान में संपन्न हुई। उनके आखिरी सफर में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। मास्टर मुबारक अली इदरीशी (जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के खादिम एवं युवा समाजसेवी) मोहम्मद कैफ इदरीशी मास्टर राहत अली सलमानीसहित हजारों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से अल्लाह रब्बुल इज्जत से दुआ की कि मरहूम को जन्नत-उल-फिरदौस में आला मकाम और करवट-कर-वट जन्नत नसीब फरमाए।

# अचानक क्षेत्र में चोर हुए सक्रिय: रसूलपुर गांव में 50 हजार अन्य सामान लेकर चोर फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** पुलिस के सक्रिय होने के बाद भी अचानक क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए और उन्होंने घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है' रात को रसूलपुर गांव निवासी प्रेमराज सिंह विश्नोई पुत्र विश्व स्वरूप सिंह अपने घर में सोए हुए थे किसी वक्त चोर घर में घुस गए और घर में रखें 50 हजार और बच्चे की गुल्लक लेकर फरार हो गए बताया गया कि उनके घर पर




निर्माण कार्य चल रहा है इसके लिए उन्होंने आज मजदूरो को देने के लिए रुपए लाकर रखें थे लेकिन मजदूरों को देने से पहले ही चोरों ने उन पर हाथ साफ कर दिया। इससे पहले शनिवार को गढ़ी गांव में प्रेम सैनी के मकान में घुसकर चोरों ने जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया था चोर चेतरामपुर आदि गांव में भी घटना को अंजाम दे चुके हैं अचानक बढ़ी चोरों की सक्रियता से गांव में तरह तरह की चचाएं तेज होने लगी है।

# प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-निर्देशक राजा आनंद ने बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (राजू बोहरा)।** स्पेस परफॉर्मिंग आर्ट्स के संस्थापक एवं प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-निर्देशक राजा आनंद ने साई कृपा-ए होम फॉर चिल्ड्रेन के बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न योग गतिविधियों में भाग लेकर अनुशासन, एकाग्रता, लचीलापन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

राजा आनंद ने बच्चों के कल्याण एवं विकास के लिए निरंतर सहयोग देने वाली अंजिना राजागोपाल का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली और उत्साही बच्चों के




साथ योग की भावना को साझा करना उनके लिए गर्व और खुशी का विषय है।

कार्यक्रम के दौरान योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति के महत्व को रेखांकित किया गया। बच्चों की ऊर्जा, मुस्कान और समर्पण ने आयोजन को यादगार बना दिया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, सौहार्द, सामंजस्य और सकारात्मक जीवनशैली का प्रेरणादायी संदेश देने में सफल रहा।

# जोरदार तेजी के साथ खुला बाजार, सेंसेक्स 407 अंक उछला, निवेशकों के खिले चेहरे

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों–सेंसेक्स और निफ्टी–में सोमवार को शुरूआती कारोबार में शानदार रिकवरी देखने को मिली है. पिछले कारोबारी सत्र में आई भारी गिरावट के बाद आज बाजार में यह तेजी कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के दम पर आई है. इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से दोबारा शुरू हुई लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज व एचडीएफसी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों (ब्लू-चिप शेयरों) में खरीदारी से बाजार का सेंटिमेंट मजबूत हुआ है। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 407.12 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर 77,210.02 अंक पर पहुंच गया. इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 114.75 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की




बढ़त दर्ज करते हुए 24,129.95 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इससे पिछले सत्र (शुक्रवार) में सेंसेक्स 607.08 अंक गिरकर 76,802.90 पर और निफ्टी 154.90 अंक फिसलकर 24,013.10 पर बंद हुआ था?

सेंसेक्स की शीर्ष 30 कंपनियों में आज चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है. प्रमुख बढ़त बनाने वाले शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं. इन हेवीवेट शेयरों में तेजी ने इंडेक्स को ऊपर खींचने में मुख्य भूमिका निभाई है. दूसरी ओर, कुछ चुनिंदा शेयरों में मुनाफावसूली भी देखने को मिली. गिरावट दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), अडानी पोर्ट्स और आईटीसी शामिल रहे.

बाजार में आई इस तेजी के पीछे दो बड़े वैश्विक कारण काम कर रहे हैं. पहला, कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत में 1.50 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है और यह घटकर 79.36 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए सकारात्मक है. दूसरा, भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई है. स्विट्जरलैंड के बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में दो दिनों की वार्ता के बाद अमेरिका और ईरान के बीच अगले 60 दिनों के भीतर एक अंतिम समझौते पर पहुंचने का रोडमैप तैयार हो गया है, जिसकी पुष्टि मध्यस्थ देश कतर और पाकिस्तान ने की है।

एक्सिस डायरेक्ट के रिसर्च हेड राजेश पालवी ने बताया, इस सप्ताह की शुरूआत में वैश्विक संकेत काफी सहायक हैं. हालांकि अमेरिकी बाजार शुक्रवार को जूनटींथ की छुट्टी के कारण बंद थे, लेकिन गुरुवार को टेक और सेमीकंडक्टर शेयरों के दम पर नैस्डैक और एसएंडपी 500 में आई तेजी का सकारात्मक असर आज भारतीय बाजारों पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

## जनता दर्शन

## मथुरा से आए वृद्ध की शिकायत पर सीएम योगी ने मथुरा के डीएम को दिया निर्देश

# अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं,आरोपियों पर तत्काल करें कार्रवाई: मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हर फरियादी से एक-एक कर मुलाकात की। उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों के उचित व समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं अतिक्रमण की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त हुए और तत्काल इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

- **एक-एक फरियादी से मिले मुख्यमंत्री, समस्याओं की जांच करा यथोचित कार्रवाई का दिया निर्देश**
- **किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं, सरकार हर परिस्थिति में 25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथः मुख्यमंत्री**

मथुरा से आए वृद्ध को सीएम ने किया आश्वस्त, जल्द हटेगा अतिक्रमण

ह्यजनता दर्शनह्ण में मथुरा से एक वृद्ध भी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि चकरोड पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रूख अपनाते हुए जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके पर जाएं और यथास्थिति देखें। अतिक्रमण होने की स्थिति में इसे तत्काल हटाएं और दोषियों पर कार्रवाई करें। सीएम ने फिर कहा कि अतिक्रमण की शिकायत कतई बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी, प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विकास प्राधिकरण समेत जिम्मेदार संस्थाएं नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग भी करती रहें।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता समेत हर पहलु पर सरकार का ध्यान**

जनता दर्शन में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, बिजली के तार, पुलिस, राजस्व से जुड़े प्रार्थना पत्र भी आए।



मुख्यमंत्री ने सभी प्रार्थना पत्र लेकर पीड़ितों की बातें सुनीं, फिर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार जनता से जुड़ी हर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है। आप सभी की समस्याओं का भी समाधान होगा। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर परिस्थिति में 25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है।

**मुख्यमंत्री ने हालचाल जाना, कहा- सेहत व स्वास्थ्य का भी ध्यान रखिए**

सीएम ने भीषण गर्मी में आए फरियादियों का सबसे पहले हालचाल जाना, फिर उनकी समस्याएं पूछीं।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आए लोगों से कहा कि अभी गर्मी व धूप अधिक है। बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों से कहा कि बहुत जरूरत होने पर ही दोपहर में घर से निकलिए। सीएम ने संयमित खानपान के लिए भी कहा।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267